वर्ष-10, अंक-30 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

Adhunik Samachar

प्रयागराज बुधवार, 03 अप्रैल , 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत की अभद्रता पर चुनाव आयोग को आपत्ति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत की सफाई भी काम नहीं आई। नाखुश चुनाव आयोग ने न सिर्फ दोनों के बयानों की तीखी निंदा की है, बल्कि दोनों ही नेताओं को भविष्य में किसी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर चेताया भी है। बंगाल की



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत की सफाई भी काम नहीं आई। नाखुश चुनाव आयोग ने न सिर्फ दोनों के बयानों की तीखी निंदा की है बल्कि दोनों ही नेताओं को भविष्य में किसी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर चेताया भी है। आयोग ने इस मामले में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी चेतावनी नोटिस दिया। साथ ही कहा कि चुनाव प्रचार में लगे अपने सभी नेताओं को अनिवार्य रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियों से बचने की नसीहत दें। आयोग ने इससे पहले भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की ओर से की गई शिकायत के बाद भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। दोनों ही नेताओं ने आयोग को इस मामले में 29 मार्च को अपनी सफाई दी थी। हालांकि दोनों के जवाबों से असंतुष्ट आयोग ने दोनों ही टिप्पणियों को अक्षम्य व महिला सम्मान के खिलाफ बताया।

## पर्चियों की पूरी गिनती की उठी मांग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सभी 'वीवीपैट' पचियों की गिनती





का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इस समय वीवीपीएटी पचियों के माध्यम से किसी भी पांच चयनित ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) का सत्यापन किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव में सभी वीवीपैट पचियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। वीवीपैट के जरिये मशीन से कागज की पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देख सकता है। इस पर्ची को एक सीलबंद डिब्बे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है। वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है। वीवीपैट के जरिये मशीन से कागज की पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देख सकता है। इस पर्ची को एक सीलबंद डिब्बे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है। जस्टिस बीआर. गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव में सभी वीवीपैट पचियों की गिनती का अनुरोध करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल के वकीलों की दलीलों पर गौर करने के बाद याचिका पर आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। मामले में अगली सुनवाई 17 मई को हो सकती है।

## लोकसभा चुनाव के बाद आम लोगों को लगेगा झटका, टोल टैक्स चुकाने को लेकर आया बड़ा अपडेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के एक पत्र के जवाब में यह बात कही। चुनाव आयोग ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के एक पत्र के जवाब में यह बात कही। आयोग ने कहा कि बिजली दर पर निणन्य के लिए आवश्यक प्रक्रिया राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी रखी जा सकती है। देश में लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होंगे।

## तूफान प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से शाह ने की बातचीत, दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को तूफान प्रभावित तीन प्रदेशों बंगाल, असम और मणिपुर



के मुख्यमंत्रियों से बातचीत की और यथासंभव मदद का भरोसा दिलाया। शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रभावित लोगों को यथासंभव मदद मुहैया कराने की भी अपील की। गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को तूफान प्रभावित तीन प्रदेशों बंगाल असम और मणिपुर के मुख्यमंत्रियों से बातचीत की और यथासंभव मदद का भरोसा दिलाया। शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रभावित लोगों को यथासंभव मदद मुहैया कराने की भी अपील की। रविवार को आए तूफान और भारी बारिश के कारण बंगाल असम और त्रिपुरा में नौ लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। बता दें कि रविवार को आए तूफान और भारी बारिश के कारण बंगाल, असम और त्रिपुरा में नौ लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में तूफान के कारण चार लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक घायल हो गए। असम में भी तूफान के कारण चार लोगों की मौत हो गई और तकरीबन 53 हजार लोग प्रभावित हुए। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी सलमारा-मनकचार जिले में ब्रह्मपुत्र में नाव पलटने से चार वर्षीय बच्चे सैमिन मंडल की मौत हो गई और दो लोग कोबट अली मंडल और आठ वर्षीय इस्माइल अली लापता हो गए। तूफान और आकाशीय बिजली से जुड़ी दुर्घटनाओं में कछार, पश्चिमी कार्बी आंगलोंग और उदालगिरी जिले में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं छह लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, त्रिपुरा में शनिवार और रविवार को आए तूफान के कारण एक व्यक्ति श्यामल देबनाथ की मौत हो गई और सात परिवारों को राहत शिविरों में भेजना पड़ा। तूफान के कारण 800 घरों को नुकसान पहुंचा है। मिजोरम में भी भारी बारिश और तूफान के कारण कई घरों व चर्चों को नुकसान पहुंचा। अधिकारी ने बताया कि झोमुन और पालसांग गांव में 300 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा।

## मंगलुरु में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी, चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस; रिक्शा चालकों ने किया था आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मंगलुरु।** चुनाव आयोग ने मंगलुरु के पास मुडुपी ग्राम पंचायत में बीच





सड़क पर इफ्तार पार्टी करने के मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने इसके लिए मुख्य आयोजक को नोटिस भेजा है। 30 मार्च को इसका आयोजन राजमार्ग पर किया गया था। इसके चलते राजमार्ग लगभग चार घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। चुनाव आयोग ने मंगलुरु के पास मुडुपी ग्राम पंचायत में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी करने के मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने इसके लिए मुख्य आयोजक को नोटिस भेजा है। 30 मार्च को इसका आयोजन राजमार्ग पर किया गया था। इसके चलते राजमार्ग लगभग चार घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। इससे राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आयोग ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए इसके मुख्य आयोजक अबूबकर सिद्दीकी को नोटिस भेजा है। इस कार्यक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान लिया। इस इफ्तार पार्टी को रिक्शा चालकों ने मिलकर आयोजित किया था। इसमें व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया था। इस आयोजन को सांप्रदायिक सद्भाव की दिशा में एक साहसिक कदम बताया गया। दावा किया गया कि इस कार्यक्रम में विभिनन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। भेजे गए नोटिस में मुख्य आयोजक सिद्दीकी से यह बताने को कहा गया है कि तय किए गए मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

## सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में पड़ोस से जुड़ी सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का इस दिन होगा संबोधिन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में सोमवार को पड़ोसी



देशों से जुड़ी भू-राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों पर गहन मंथन किया गया। सूत्रों ने बताया कि मानेकशा सेंटर में इस सम्मेलन में सोमवार को सेना प्रमुख, उप सेना प्रमुख और सभी सैन्य कमांडरों ने विचार-विमर्श सत्र में हिस्सा लिया। सम्मेलन का आयोजन हाइब्रिड तरीके (आनलाइन और आफलाइन) से किया जा रहा है। 28 मार्च को इसका आयोजन डिजिटल माध्यम से किया गया और एक-दो अप्रैल को आमने-सामने की बैठक आयोजित की जा रही है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि सम्मेलन के दौरान 'पड़ोसी देश से जुड़ी भू-राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों' पर गहन मंथन किया गया। रक्षा मंत्रालय ने 27 मार्च को एक बयान में कहा था कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे इस दौरान वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व समग्र सुरक्षा स्थिति का भी आकलन करेगा। इसमें कहा गया था कि यह सम्मेलन भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करने, समीक्षा करने और सुरक्षा की समग्र स्थिति का आकलन करने के एक महत्वपूर्ण मंच का कार्य करता है। अधिकारियों का कहना था कि यह भविष्य का रुख तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण नीतिगत निणन्यों को सुगम बनाने वाली प्रमुख प्राथमिकताओं को निर्धारित करेगा।

## पीडीए मोर्चा इलाहाबाद-फूलपुर सीट पर भी बिगाड़ेगा समीकरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** इस मोर्चे का सबसे ज्यादा असर फूलपुर लोकसभा सीट पर पड़ेगा, जहां से खुद पल्लवी पटेल के चुनावी मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। इसी सीट पर अपना दल एस भी चुनाव लड़ना चाहती है। ऐसे में फूलपुर की सीट पर अपना दल के दोनों धड़ों में सीधी लड़ाई होगी इलखनऊ में रविवार को राजनीतिक गलियारे में एक और गठबंधन का एलान हुआ, जिसका असर प्रयागराज की दोनों संसदीय सीट पर पड़ना तय है। अपना दल कमेरावादी ने एआईएमआईएम के साथ मिलकर नया मोर्चा बनाया है, जो 35 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगा। माना जा रहा है कि इसमें इलाहाबाद, फूलपुर, कौशाम्बी, भदोही और मिर्जापुर की भी सीट शामिल है।

## सर्वे होगा लेकिन खुदाई नहीं की जाएगी भोजशाला एएसआइ सर्वे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने क्या-क्या कहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में भोजशाला सरस्वती मंदिर के एएसआइ सर्वे पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया।



हालांकि कोर्ट ने कहा कि उसकी इजाजत के बगैर सर्वे के नतीजों के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में भोजशाला सरस्वती मंदिर के एएसआइ सर्वे पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया । साथ ही कोर्ट ने भोजशाला के एएसआइ सर्वे को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है । ये आदेश न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय और पीके मिश्रा की पीठ ने मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी धार की याचिका पर सुनवाई के बाद दिये। साथ ही कोर्ट ने भोजशाला के एएसआइ सर्वे को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है। ये आदेश न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय और पीके मिश्रा की पीठ ने मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी धार की याचिका पर सुनवाई के बाद दिये। याचिका में भोजशाला का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) से सर्वे कराने के मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की गई है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआइ को धार जिले में स्थिति भोजशाला सरस्वती मंदिर का सर्वे करने का आदेश दिया था। इस आदेश में कहा था कि एएसआइ के पांच वरिष्ठ अधिकारी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके यह पता लगाएंगे कि क्या भोजशाला परिसर स्थिति कमाल मौला मस्जिद को सरस्वती मंदिर को तोड़ कर बनाया गया था। हाई कोर्ट ने एएसआइ को सर्वे करके छह सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया था। एएसआइ ने 22 मार्च से सर्वे शुरू कर दिया है। सोमवार को यह मामला न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए लगा था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलें सुनने के बाद मामले में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एएसआइ को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कोर्ट की इजाजत के बिना सर्वे रिपोर्ट में आने वाले नतीजे के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सर्वे के दौरान ऐसी कोई खोदाई नहीं दी जाएगी जिससे कि परिसर का चरित्र या प्रकृति बदलती हो। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी धार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा है कि हाई कोर्ट ने एएसआइ से सर्वे का आदेश देकर अंतरिम राहत के नाम पर अंतिम राहत दे दी है। हाई कोर्ट ने संविधान में मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को ध्यान में रखते हुए आदेश दिया है लेकिन यह ध्यान नहीं दिया कि इस आदेश से याचिकाकर्ता का भी वही अधिकार प्रभावित होता है। कहा गया है कि हाई कोर्ट का आदेश बना रहने लायक नहीं है और उसका यह मानना गलत है कि प्राचीन स्मारक अधिनियम 1958 की धारा 16 के तहत एएसआइ को सर्वे करके उस जगह की प्रकृति तय करने का अधिकार है। साथ ही कहा गया है कि यह धारा सिर्फ प्रदूषण, दुरुपयोग आदि से संरक्षण और सुरक्षा की बात कहती है।

## डीवाई चंद्रचूड़ ने की नए आपराधिक कानून की तारीफ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार (1 अप्रैल) को ॅघ् के स्थापना दिवस पर नए आपराधिक कानूनों की जमकर तारीफ की। ण्व्यू ने कहा कि संसद द्वारा हाल ही में अधिनियमित नए आपराधिक कानूनों में वास्तविक अपराध, प्रक्रिया और सबूत शामिल हैं। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को ॅघ् के स्थापना दिवस पर नए आपराधिक कानूनों की जमकर तारीफ की।ण्व्यू ने कहा कि संसद द्वारा हाल ही में अधिनियमित नए आपराधिक कानूनों में वास्तविक अपराध प्रक्रिया और सबूत शामिल हैं। इन कानूनों का उद्देश्य आपराधिक प्रक्रिया के विभिनन्न पहलुओं को डिजिटल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह न्याय



प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कानूनों का उद्देश्य आपराधिक प्रक्रिया के विभिनन्न पहलुओं को डिजिटल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रथम सूचना रिपोर्ट को लेकर सीजेआई ने कहा कि एफआईआर के प्रारंभिक पंजीकरण से लेकर निणन्य के अंतिम वितरण तक, आपराधिक जांच के हर चरण को प्रस्तावित कानून के दायरे में डिजिटल रूप से दर्ज किया जाना है। इसका उद्देश्य जांच और न्यायिक प्रक्रियाओं में शामिल हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की सुविधा प्रदान करना है।

## चुनावों के दौरान परेशान करेगी अत्याधिक गर्मी, पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू ने खुद दी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि देश में इस वर्ष अप्रैल से जून की अवधि में अत्याधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है और मध्य





व पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सा इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसी अवधि में देश में आम चुनाव भी होने जा रहे हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि देश में इस वर्ष अप्रैल से जून की अवधि में अत्याधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है और मध्य व पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सा इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसी अवधि में देश में आम चुनाव भी होने जा रहे हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह हम सभी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होने जा रहा है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह हम सभी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होने जा रहा है। चूंकि हम दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश हैं और मौसम की कठिन स्थितियों का सामना करते हैं, इसलिए देश के लिए इसकी अग्रिम तैयारी करने नितांत जरूरी हो जाता है।' मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आम चुनाव के दौरान बाहरी गतिविधियों में संभावित बढ़ोतरी से आम लोगों के लिए गर्मी से खतरा बढ़ सकता है। बाहर निकलने की वजह से मतदाताओं और चुनाव कमिन्यों के लिए भी अत्याधिक गर्मी से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। महापात्र ने कहा कि अप्रैल से जून की अवधि में देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने का अनुमान है और इसकी सबसे अधिक संभावना मध्य एवं पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में है। वहीं, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के कुछ हिस्सों, पूर्वोत्तर राज्यों एवं उत्तरी ओडिशा में अधिकतम तापमान सामान्य और सामान्य से कम रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के महानिदेशक ने कहा कि अप्रैल-जून के दौरान मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में लू के दिन सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। देश के विभिनन्न हिस्सों में सामान्य चार से आठ दिनों की तुलना में 10 से 20 दिन लू चलने की आशंका है। उन्होंने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तर कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में अत्याधिक गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि अल नीनो की स्थिति (मध्य प्रशांत महासागर में समय समय पर पानी का गर्म होना) कमजोर हो रही है, लेकिन यह अप्रैल व मई के दौरान जारी रहेगी। विभाग ने यह भी कहा कि अप्रैल में देश में सामान्य वर्षा (लंबी अवधि के औसत 39.2 मिमी का 88 से 112 प्रतिशत) होने की सबसे अधिक संभावना है।

# सपा के पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण कल ज्वाइन करेंगे कांग्रेस, इलाहाबाद सीट से चुनाव लड़ना तय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** कई दिनों से चल रहे ऊहापोह के बीच सपा के कद्दावर



नेता और पूर्व विधायक कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगे। लखनऊ में पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में वह कांग्रेस का दामन थामेंगे। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। सपा के कद्दावर नेता और करछना से विधायक रहे उज्जवल रमण सिंह मंगलवार को कांग्रेस में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित होगा। इंडिया गठबंधन के बैनर तले इलाहाबाद लोकसभा सीट से उज्जवल रमण सिंह का चुनाव लड़ना लगभग तय हो गया है। बताया जा रहा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव और कुंवर रेवती रमण सिंह की सहमति पर उज्जवल रमण सिंह कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। पूर्व सांसद रेवती रमन सिंह ने भी इसकी पुष्टि की है। उज्ज्वल रमण के कांग्रेस में जाने की अटकलें कई दिनों से चल रही थीं। गत दिनों पीजीए में इलाज के दौरान कुंवर रेवती रमण सिंह से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी के प्रभारी अविनाश पांडेय और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुलाकात की थी। तभी से उज्ज्वल के कांग्रेस के टिकट पर इलाहाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है। कुंवर रेवती रमण करछना विधानसभा सीट से आठ बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद चुने गए हैं। कुंवर रेवती रमण ने भाजपा के कद्दावर नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी को पराजित किया था। सपा के बड़े नेताओं में शुमार रेवती रमण एक बार राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

# हाईकोर्ट का अहम फैसला : वगैर नियमित विभागीय कार्यवाही के पुलिस कर्मियों का निलंबन गलत, कोर्ट ने रद्द किया आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** याचीगणों पर निलंबन आदेश में यह आरोप था कि इन्होंने अपने से जुड़े लोगों को कहा कि अगर किसी मामले में कथित न्याय नहीं मिल रहा है, तो वे मुख्यमंत्री के यहां जाकर धरना, प्रदर्शन और आत्मदाह करें। यह भी कहा कि ऐसा लिखकर प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक को दें, जिससे जिला स्तर से ही काम हो जाएगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि बगैर नियमित विभागीय कार्यवाही के पुलिस कर्मचारियों को निलंबित करना गलत है। कोर्ट ने इसी के साथ दरोगा व हेड कांस्टेबल के निलंबन को गलत मानते हुए आदेश रद्द कर याचिका मंजूर कर लिया है। याचिका के अनुसार याचीगण लाल प्रताप सिंह उपनिरीक्षक एवं बृजेश कुमार मुख्य आरक्षी, विशेष अभिसूचना विभाग ललितपुर में कार्यरत थे। इन्हें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम-17 (1) (क) के प्राविधानों के तहत दिनांक 24 जनवरी 2024 को निलंबित कर दिया गया और निलंबन की अवधि में पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा



अभिसूचना विभाग कानपुर नगर से संबद्ध कर दिया गया। याचीगणों पर निलंबन आदेश में यह आरोप था कि इन्होंने अपने से जुड़े लोगों को कहा कि अगर किसी मामले में कथित न्याय नहीं मिल रहा है, तो वे मुख्यमंत्री के यहां जाकर धरना, प्रदर्शन और आत्मदाह करें। यह भी कहा कि ऐसा लिखकर प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक को दें, जिससे जिला स्तर से ही काम हो जाएगा इस निलंबन आदेश दिनांक 24 जनवरी 2024 के विरूद्ध याचीगण ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कीं। याचिका में कहा गया है कि याचीगण के ऊपर निलंबन आदेश में जो आरोप लगाये गए हैं वह बिल्कुल निराधार एवं असत्य हैं।याची पुलिस कर्मिय्रों के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम ने कोर्ट को बताया कि निलंबन आदेश जारी करने के बाद पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) विशेष शाखा अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश के आदेश दिनांक 29 जनवरी 2024 के तहत मंडलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर को प्रारंभिक जांच आवंटित की गई तथा मंडलाधिकारी अभिसूचना विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर नगर ने याचीगणों को इस प्रकरण में अपना अभिकथन प्रारंभिक जांच में अंकित कराने के लिए दिनांक 13 फरवरी 2024 को निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि निलंबित करते समय सक्षम अधिकारी के पास कोई साक्ष्य नहीं था और बिना ठोस साक्ष्य के निलंबित करने का आदेश मनमाना कार्य है। बहस में यह भी कहा गया कि निलंबन आदेश में गलत तथ्य दर्शाए गए हैं।

# अंधियारी टोल बूथ पर विवाद के बाद हाथापाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** अंधियारी टोल प्लाजा पर आए दिन निजम बदलते रहता है। इन दिनों पंकज दुबे टोल प्लाजा



के प्रबंधक हैं। उनके चार्ज संभालने के बाद टोल बूथ पर आएदिन विवाद होता है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे अंधियारी गांव की ही एक गाड़ी बूथ से पार हो रही थी। टोलकर्मी ने टैक्स मांगा तो वाहन स्वामी लोकल का हवाला देकर टोल टैक्स देने से इंकार कर दिया अंधियारी गांव की गाड़ी को पास न करने पर ग्रामीण नाराज हो गए। विवाद बढ़ा और दो पक्षों के बीच हाथापाई हुई। पुराने कर्मचारियों के समझाने पर मामला शांत हुआ। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अंधियारी टोल प्लाजा पर आए दिन निजम बदलते रहता है। इन दिनों पंकज दुबे टोल प्लाजा के प्रबंधक हैं। उनके चार्ज संभालने के बाद टोल बूथ पर आएदिन विवाद होता है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे अंधियारी गांव की ही एक गाड़ी बूथ से पार हो रही थी। टोलकर्मी ने टैक्स मांगा तो वाहन स्वामी लोकल का हवाला देकर टोल टैक्स देने से इंकार कर दिया। इसी बाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ा तो हाथापाई की नौबत आ गई। हालांकि पुराने कर्मचारियों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। टो प्रबंधक ने बताया कि इनोवा गाड़ी से आए थे बिना टोल दिए जाना चाह रहे थे। किसी के लिए टोल टैक्स में छूट नहीं है, लोकल का पास बनवाकर जितना चाहें उतनी चक्कर जाएं।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव स्थगित करने पर भड़के वकील, कमेटी कर रही पुनर्विचार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिशन के चुनाव में प्रत्याशियों को तगड़ा झटका लगा है। तीन अप्रैल को होने वाले मतदान को चुनाव समिति ने अनिश्चित काल के स्थगित कर दिया है। चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन होने का हवाला देते हुए समिति ने फिलहाल




चुनाव को टाल दिया है। इस फैसले के बाद अधिवक्ता आक्रोश हो गए। समिति के अध्यक्ष ने फैसले पर पुनर्विचार के लिए शाम को फिर बैठक बुलाई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। तीन अप्रैल बुधवार को मतदान होना था। इस चुनाव में 28 पदों के लिए 209 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। चुनाव प्रचार के दौरान तमाम रोक के बावजूद प्रत्याशियों की ओर से रात्रि भोज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन बेखौफ किया जा रहा था। इसको चुनाव समिति ने आचार संहिता का खुला उल्लंघन मानते हुए रविवार को निंदा प्रस्ताव भी पारित किया था सोमवार को हुई आपात बैठक में सर्वसम्मति से निणर्य लेने के बाद सहायक निर्वाचन अधिकारी चंदन शर्मा ने बताया कि चुनाव को तब तक के लिए स्थगित कर दिया जाए, जब तक प्रत्याशी आचार संहिता के दायरे में रहकर चुनाव प्रचार न करें। इस बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता वीएम जैदी, आरसी सिंह, विनोद कांत श्रीवास्तव, वशिष्ठ तिवारी, प्रभाकर अवस्थी और चंदन शर्मा आदि रहे। उधर, कमेटी के फैसले पर अधिवक्ताओं ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। अधिवक्ताओं के विरोध को देखते हुए चुनाव कमेटी के अध्यक्ष वीएम जैदी ने कहा है कि फैसले पर पुनर्विचार के लिए शाम को फिर बैठक होगी। इसमें अंतिम निणर्य लिया जाएगा।

# इंदिरा हटाओ पर भारी पड़ा गरीबी हटाओ का नारा, बहुगुणा ने कांग्रेस के टिकट पर जीता था चुनाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** 1969 में प्रधानमंत्री



इंदिरा गांधी को कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखा गया गया था। तब उन पर पार्टी ने अनुशासन के उल्लंघन का आरोप लगाया था। इसके बाद इंदिरा गांधी ने नई पार्टी कांग्रेस (आर) बनाई। वहीं, दूसरी ओर अन्य कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस (ओ) का नेतृत्व किया। तब कांग्रेस (ओ) ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया, जबकि कांग्रेस आई ने ' गरीबी हटाओ' का नारा दिया। आजाद भारत के पांचवें आम चुनाव ने देश में चुनावी प्रक्रिया की रूप-रेखा बदल दी थी। उस दौरान लोकसभा चुनाव 1971 में इंदिरा गांधी की राजनीतिक शक्ति को देश ने देखा था। तब कांग्रेस में दो फाड़ हो चुकी थी। उस चुनाव में पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू के सारे पुराने दोस्त उनकी बेटी इंदिरा के खिलाफ थे। चुनावी मैदान में एक तरफ इंदिरा की नई कांग्रेस और दूसरी तरफ पुराने बुजुर्ग कांग्रेसी नेताओं की कांग्रेस (ओ) थी। इसी चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट से हेमवती नंदन बहुगुणा ने चुनाव लड़ा और उन्होंने एक तरफा जीत हासिल की। 1969 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखा गया गया था। तब उन पर पार्टी ने अनुशासन के उल्लंघन का आरोप लगाया था। इसके बाद इंदिरा गांधी ने नई पार्टी कांग्रेस (आर) बनाई। वहीं, दूसरी ओर अन्य कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस (ओ) का नेतृत्व किया। तब कांग्रेस (ओ) ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया, जबकि कांग्रेस आई ने ' गरीबी हटाओ' का नारा दिया। इस नारे ने उस चुनाव में कमाल मचा दिया। वरिष्ठ नेता नरेंद्र देव पांडेय बताते हैं कि इंदिरा गांधी गरीबी हटाओ नारे की बदौलत फिर से सत्ता में आ गई। उस चुनाव में भारतीय जनसंघ ने भी देशभर में 22 सीटें जीतीं। हालांकि, कांग्रेस को इस चुनाव में ज्यादा फायदा हुआ। इलाहाबाद संसदीय सीट से हेमवती नंदन बहुगुणा को जहां 142886 मत मिले तो वहीं कांग्रेस (ओ) के प्रत्याशी मंगला प्रसाद को इस सीट से 46998 मत ही मिले।यह पहला चुनाव था, जब आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस पार्टी (कांग्रेस आर व कांग्रेस ओ) दो भागों में बंटी थी। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली पार्टी का चुनाव चिह्न गाय का दूध पीता बछड़ा था। वहीं, कांग्रेस ओ का चुनाव चिह्न चरखा चला रही महिला था।



# डोंगिया जलाशय में धंधरौल बांध से 250 एम0सी0एफ0टी0 मिलेगा पानी, गर्मी के दिनो में पेयजल व सिंचाई की समस्या का होगा समाधान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** भीषण गर्मी के दृष्टिगत पेयजल व सिंचाई समस्या के समाधान हेतु मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में जिलाधिकारी मीरजापुर व सोनभद्र सहित सिंचाई व विद्युत विभाग के समस्य प्रखण्ड के अधिकारियों के साथ सोनभद्र में आयोजित की गयी बैठक सोनपम्प कैनाल के तीनो फेज सहित घाघर नहर परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जल स्रोत के सम्बन्ध में ली गयी जानकारी मीरजापुर 02 अप्रैल 2024- गर्मी के दिनों में पेयजल व सिंचाई समस्या के समाधान को लेकर मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में बीते सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार राबटर्सगंज में जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, जिलाधिकारी सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, सोनभद्र सौरभ गंगवार, संयुक्तत विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, एवं सिंचाई, विद्युत, जल विद्युत उत्पादन व अन्य सम्बन्धित नहर प्रखण्डो तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद मीरजापुर व सानेभद्र पेयजल व सिंचाई समस्या के समाधान पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने कहा कि गर्मी के दिनों में जनपद सोनभद्र व मीरजापुर के अधिकांश क्षेत्रो में पेयजल समस्या बढ़ जाती है जिसका समय रहते समाधान आवश्यक है। उन्होने कहा कि इन समस्याओं को दूर करने के लिये सिंचाई विभाग व अन्य सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये समस्या के समाधान के लिये दीर्घ कालिक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें। वर्तमान में सम्भावित सूखा प्रभावित क्षेत्रो में तत्काल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु तात्कालिक उपाय किया जाये। बैठक में धधंरौल बांध, नगवा बांध, सोनपम्प कैनाल आदि के जल स्रोत की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गयी तथा बैइक के उपरान्त सोनपम्प कैनाल फेज-1, 2 व 3 पर मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा पेयजल समस्या के समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी मीरजापुर के द्वारा जनपद मीरजापुर में सुखा प्रभावित क्षेत्रो में पेयजल समस्या के समाधान हेतु डोंगिया बांध/जलाशय में पानी छोड़ने की मांग पर निणन्य लिया गया कि सोनभद्र में स्थित नगवा बांध की क्षमता 3947 एम0सी0एफ0टी0 हैं जिसके सापेक्ष वर्तमान में 1613 एम0सी0एफ0टी0 पानी उपलब्ध हैं जिस पर बैठक में डोंगिया बांध में 250 एफ0सी0एफ0टी0 पानी डोंगिया बांध को तत्काल देने हेतु निर्देशित किया गया, उक्त के क्रम में जनपद सोनभद्र में धंधरौल बांध में पानी की कमी के दृष्टिगत सिंचाई निर्माण खण्ड राबटर्सगंज के नियंत्रणाधीन नगवा बांध से संचालित नगवा एवं तेन्दुहारी पेयजल/रिर्जव पेयजल को छोड़कर अतिरिक्त पानी में से धंधरौल बांध को 250 एफ0सी0एफ0टी0 पानी देने हेतु अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड राबटर्सगंज को एवं धंधरौल बांध से 250 एफ0सी0एफ0टी0 पानी घाघर नहर प्रणाली के माध्यम से दो दिनो के भीतर डोंगिया बांध को देने हेतु अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड को निर्देशित किया गया। उक्त क्रम में उन्होने बताया कि दो दिन बाद नियमित रूप से पानी डोंगिया जलाशय को दिया जायेगा। मण्डलायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि भविष्य में जनपद मीाजापुर एवं सोनभद्र हेतु पेयजल को रिजर्व कर अवशेष पानी धंधरौल बांध से सिंचाई हेतु दिया जाय। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त व्यवस्था से जनपद में सिंचाई व गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या का समाधान किया जा सकता हैं। मण्डलायुक्त द्वारा सभी सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुये कहा कि पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सकें इसके दृष्टिगत विभागवार आपस में समन्वय स्थापित कर दीर्घकालिक योजना तैयार कर ले। उन्होने नगर निकायों में भी पेयजल उपलब्ध कराने के साथ ही ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रो में पशुओं व जीव जन्तुओं के पेयजल हेतु तालाबों व पोखरो को भरने का भी निर्देश दिया। उप निदेशक पंचायत को प्रभावित क्षेत्रो में टैंकरो से जलापूर्ति, हैण्डपम्पों की मरम्मत तथा पशुपालन विभाग को पशुओं के लिये चारा, बीमारियों के बचने के लिये आवश्यक दवाएं तथा कृषि विभाग में असिंचित क्षेत्रो में श्री अनन की खेती यथा-सांवा, कोदो, रागी ज्वार सहित ऐसे फसल जिनमें कम पानी की आवश्यकता हो व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने हर घर नल योजनान्तर्गत की समीक्षा की तथा निर्देशित किया गया कि संचालित परियोजनाओं को सुचारू ढंग से चलाया जाए तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में अधिशासी अभियन्ता विद्युत उत्पादन खण्ड पिपरी, सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता नहर प्रखण्ड मीरजापुर, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई कार्य मण्डल ओबरा, बन्धी प्रखण्ड राबटर्सगंज व रिहंद बांध, कनहर बांध, सिंचाई खण्ड निर्माण, जल निगम, विद्युत विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहें।



# बालू/गिट्टी के अवैध परिवहन पर विभिन्न क्षेत्रो में औचक निरीक्षण कर आठ वाहनो को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** मीरजापुर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में खान अधिकारी, मीरजापुर द्वारा दिनांक 01/04/2024 को रात्रि में जनपद के तहसील सदर स्थित ग्राम-जोपा खनन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम-जोपा में साधारण बालू के अवैध खनन/परिवहन में 01 ट्रैक्टर संलिप्त पाये जाने पर थाना विन्ध्याचल अन्तर्गत पुलिस चैकी नदिनी की अभिरक्षा में दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त कोतवाली कटरा के अन्तर्गत पुलिस चैकी मण्डी समिति में 04 वाहनों, थाना अहरौरा के अन्तर्गत 03 वाहनों को गिट्टी के अवैध/ओवरलोड परिवहन में संलिप्त पाये जाने पर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। इस प्रकार कुल 08 वाहनों को बिना परिवहन प्रपत्र/ओवरलोड परिवहन के जुर्म में पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले कशर प्लाण्ट/पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रू0 25,000/- शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। वाहनों से खनन विभाग, वाणिज्य एवं परिवहन विभाग को लगभग रू0 12.00 लाख के राजस्व क्षतिपूर्ति/ जुर्माना की दूसली की प्राप्ति होगी। जनपद में अवैध खनन/परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# वन क्षेत्र में जे0सी0बी0 मशीन से खुदाई कर ढुलाई करने पर वन विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** मीरजापुर 02 अप्रैल 2024 उप प्रभागीय वन अधिकारी, मीरजापुर एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, लालगंज द्वारा रेज स्टाफ के साथ रात्रि गस्त के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम-पगार (बोकरिया) वन क्षेत्र में जे0सी0बी0 मशीन से खुदाई कर मिट्टी निकालकर ट्रैक्टर की ट्राली पर लाद कर ढुलान किया जा रहा है, सूचना के आधार पर उप प्रभागीय वन अधिकारी, मीरजापुर एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, लालगंज द्वारा रेज स्टाफ के साथ मौके पर पहुँचे तो दूर से ही देखा कि करनपुर कं0नं0-1 पगार (बोकरिया) आरक्षित वन क्षेत्र में जे0सी0बी0 मशीन से मिट्टी खुदाई कर ट्रैक्टर की ट्राली पर लदा जा रहा है। जैसे ही मौके की तरफ आगे बढ़े तो जे0सी0बी0 चालक व ट्रैक्टर चालक गाडी लेकर भागने लगे जिसका पीछा किया गया तो जे0सी0बी0 चालक व ट्रैक्टर चालक व दो अन्य अभियुक्तगण अंधेरे का लाभ उठा कर गाडी छोड कर फरार हो गये। मौके पर एक जे0सी0बी0 एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी सहित लदा विभाग के कब्जे में लेते हुए पुलिस चैकी लहंगपुर में खड़ा करा दिया गया। उक्त वाहन के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा-26 (7) व 41/42 के तहत कार्यवाही करते हुए धारा 52 के तहत अधिहरण की विभागीय कार्यवाही वन विभाग द्वारा की जा रही है।

# मतदान प्रतिशत को 75 प्रतिशत पूस लक्ष्य को पूर्ण करने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी ने चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्य योजना की बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** मीरजापुर 02 अप्रैल 2024- आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने व जनपद में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत प्लुस करने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप के मार्ग निर्देशन में चलाये गये हस्ताक्षर अभियान का जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने हस्ताक्षर कर मतदाताओं को अधिक से अधिक अपने मताधिकार प्रयोग करने के प्रति संदेश दिया। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के द्वारा भी हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किया गया।



मतदाता जागरूकता अभियान को जनपद में प्रभावी ढंग से करने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में स्वीप टीम के साथ बैठक कर वृहद कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में दिव्यांग बंधुओं को ट्राई साइकिल व ई रिक्शा रैली को संयुक्त रूप से विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक निकालकर जागरूकता लाने का निर्देश दिव्यांग कल्याण अधिकारी को दिया। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता साइकिल रैली, सेल्फी प्वाइंट, चित्रकला व वाद विवाद प्रहितयोगिता, रंगोली, मतदाता जागरूकता भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि को आयोजित कर मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु कार्य योजना बनायी गयी। इसी क्रम मे विभिनन बैंको में बैनर लगवाने तथा बैंको द्वारा मोबाइल वैन चलाकर मतदान के प्रति जागरूक करने, बैंको हेल्प डेस्क, हस्ताक्षर अभियान आदि भी लगवाने का निर्देश दिया गया। मतदाता प्रीमियम लीग के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग व पुलिस विभाग तथा विभाग व विकास विभाग, तहसील व ब्लाक स्तर पर क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल, कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता आयोजन पर भी विचार विर्मश किया गया। चुनार किला पर भी मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित मतदाता जागरूकता मेला आयोजित करने पर भी बल दिया गया। इसी क्रम में दिनांक 04 अप्रैल 2024 को विन्ध्याचल दीवान घाट से फतहा घाट तक प्रातः 08 बजे से वोट फार वोट के तहत वृहद नाव रैली निकाली जायेगी जिसमें स्कूली बच्चों के साथ अधिकारी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कर लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूकत किया जायेगा।

# काशी आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, आज तीन घंटे शहर में लागू रहेगा रूट डायवर्जन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर ।** सीएम योगी आदित्यनाथ आज काशी आएंगे। सीएम के आगमन के मद्देनजर अपराह्न तीन बजे से शाम छह बजे के बीच रूट डायवर्ट प्रभावित रहेगा। काशी में मुख्यमंत्री भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंध संचालन समिति की बैठक लेंगे। इसके बाद बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन करेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार यानी आज वाराणसी पहुंचेंगे। रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंध संचालन समिति की बैठक लेंगे। इसके बाद बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन करेंगे। शाम को सर्किट हाउस में उनका विश्राम रहेगा। कार्यक्रम के अनुसार शाम करीब चार बजे मुख्यमंत्री वाराणसी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन और भ्रमण के मद्देनजर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है। अपराह्न तीन बजे से शाम छह बजे तक डायवर्जन प्रभावी रहेगा। एडीसीपी यातायात राजेश कुमार पांडेय ने शहरवासियों से अपील की है कि दोपहर तीन बजे के बाद बाबतपुर एयरपोर्ट से हरहुआ, तरना, गिलट बाजार, भोजूबीर, जेपी मेहता, सेंट्रल जेल, फुलवरिया फ्लाईओवर, लहरतारा, चांदपुर, मुढ़ैला, रोहनिया मार्ग का इस्तेमाल न करें। इसके बजाय वैकल्पिक मार्ग के तौर पर बीएचयू से कचहरी-हरहुआ जाने वाले लंका, कमच्छा, सिगरा, मलदहिया, अधांपुल, चौकाघाट, पुलिस लाइन चौराहा, पांडेयपुर से अंडरपास रिंग रोड जा सकते हैं। वहीं, मंडुवाडीह से कचहरी और हरहुआ जाने वाले आकाशवाणी, रथयात्रा, सिगरा, मलदहिया, अंधरापुल, चौकाघाट, पुलिस लाइन चौराहा, अर्दली बाजार होते हुए बाबतपुर की ओर से जा सकते हैं। बाबतपुर एयरपोर्ट जाने वाले मंडुवाडीह, चांदपुर, लोहता, जंसा, बड़ागांव होते हुए एयरपोर्ट जा सकते हैं।शाम पांच बजे से छह बजे के बीच सर्किट हाउस, कचहरी, चौकाघाट, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन होते हुए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और वापसी में सर्किट हाउस तक रूट डायवर्ट रहेगा। एडीसीपी यातायात के अनुसार गौदोलिया/रामापुरा से कचहरी और बाबतपुर एयरपोर्ट जाने वाले नई सड़क, चेतगंज, लहुराबीर, जयसिंह चौराहा, मलदहिया, मरीमाई, अंधरापुल, नदेसर, जेपी मेहता, सेंट्रल जेल तिराहा होते हुए गिलट बाजार की तरफ जाएंगे।





# नवीन सत्र के प्रथम दिवस पर पाठ्य पुस्तकें पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जनपद के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सत्र



2024 25 के प्रथम दिवस पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कराया गया। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सरकार द्वारा जनपद में उपलब्ध कराई गई पुस्तकों को सर्वप्रथम समस्त ब्लॉकों में वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया। तत्पश्चात सोमवार 1 अप्रैल को नवीन सत्र आरंभ के प्रथम दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध कराई गई पुस्तकों का वितरण छात्र-छात्राओं में किया गया। इसी क्रम में आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा प्राथमिक विद्यालय रॉबर्ट्सगंज द्वितीय में छात्र -छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। गयाविकासखंड चोपन के खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुनील कुमार जी के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय पड़री पान की प्रधानाध्यापिका अंजु जायसवाल , प्राथमिक विद्यालय जुड़वानी, इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल बक्शीहवा के प्रभारी प्रदीप बासू , प्राथमिक विद्यालय बरसिया में प्रधानाध्यापिका संगीता देवी, विकासखंड नगवा में कंपोजिट विद्यालय कन्हौरा प्रभारी उमाकांत पांडे ,प्राथमिक विद्यालय बैनी प्रभारी अब्दुल राफे खान एवं कंपोजिट विद्यालय चकया प्रभारी चिंतामणि सिंह एवँ झ अरुणेश पांडे द्वारा प्राथमिक विद्यालय पवनी के बच्चों में पुस्तके वितरित की। विकासखंड चतरा में झ विमल मिश्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय पड़री खुर्द में,विकासखंड रावटसगंज में झ हृदेश कुमार द्वारा द्वारा प्राथमिक विद्यालय लसड़ा में,विकासखंड करमा के प्राथमिक विद्यालय करकी में प्रधानाध्यापिका उषा देवी द्वारा नवीन सत्र में बच्चों को पुस्तक वितरित की आज दिनांक 01 अप्रैल 2024 को उच्च प्राथमिक विद्यालय राबट्र्सगंज विकास खण्ड राबर्ट्सगंज में अध्ययनरत बच्चों को उपस्थित अभिभावक के समक्ष शैक्षिक सत्र 2024.-25 हेतु निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरित की गयीं। शैक्षिक सत्र के पहले दिन ही सभासद नजबुन निशा के द्वारा पाठ्य पुस्तके मिलने पर बच्चों में खुशी का माहौल था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह व अन्य शिक्षकों द्वारा बताया गया कि इससे समय से पाठ्यक्रम पूरा करने में मदद मिलेगी। साथ ही उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं भी दी।

# संत जोसेफ़ कॉन्वेंट स्कूल मे आव्या पाण्डेय ने लाया 100% अंक



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** संत जोसेफ़ कॉन्वेंट स्कूल रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र प्रगति रिपोर्ट 2023-24 कक्षा एल.के.जी. बी छात्र आव्या पाण्डेय ने अपने अंक पत्र (मार्कशीट) में 100झ के साथ प्रथम स्थान पाने के बाद प्रिंसिपल एंव क्लास टीचर कीर्ति दुबे ने बधाई दी। गौरतलब है कि संत जोसेफ़ कॉन्वेंट स्कूल रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र वार्षिक प्रगति रिपोर्ट 2023-24 कक्षा एल.के.जी. बी छात्र का नाम आव्या पाण्डेय पिता का नाम विवेक कुमार पाण्डेय माता का नाम नीलम पाण्डेय कक्षा रोल नंबर- 31 प्रवेश संख्या- 8015 जन्म तिथि- 28-09-2019 शैक्षिक क्षेत्र अवधि- 11 विषय अवधि 11 विषय पीटीएल अवधि कुल पीटी वह अवधि कुल डेम्स अल सामान्य विज्ञान, अंग्रेजी पढ़ना, अंग्रेजी पाठन, सामान्य ज्ञान, वार्तालाप, मूल्य शिक्षा लिखित कार्य, अंग्रेजी कहानी, गणित, गणना मौखिक एंव लिखित कार्य में प्रगति रिपोर्ट 2023-24 कक्षा एल.के.जी. बी छात्र आव्या पाण्डेय ने अपने अंक पत्र (मार्कशीट) में 100झ के साथ प्रथम स्थान पाने के बाद प्रिंसिपल एंव क्लास टीचर कीर्ति दुबे ने बधाई दी एंव आव्या पाण्डेय के उज्ज्वल भविष्य कि कामना करते हुए अग्रसर आगे बढ़ने की बधाई दी।

# शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में आग लगने से लगभग छः बीघे गेहूं जलकर राख

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अहरौरा, मीरजापुर ।** अहरौरा थाना क्षेत्र के कंचनपुर ग्राम पंचायत में स्थित पलंगरा पुर गांव के सिवान



में सोमवार को दोपहर बाद लगभग 3 बजे बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण लगभग 6 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई । धुआं उठता देख दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीट-पीटकर किसी तरह आग पर काबू पाया । जानकारी के अनुसार खेत के ऊपर से गए बिजली के तार में हुई शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई । फसल जलता देख आसपास के लोग शोर मचाने लगे और जो जहां था वहीं से लाठी डंडा लेकर दौड़ पड़ा और लोग आग से कुछ दूरी बनाकर गेहूं की फसल को उखाड़ कर पूरा घेरा बना दिए ताकि आग आगे ना बढ़ने पाए ।इसके साथ ही लोगों ने पीट-पीट कर आग को बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग बुझ पाई । गांव के अवधेश सिंह एव समाजसेवी मुरारी यादव ने बताया कि कंचनपुर निवासी रवि भूषण सिंह ,अशोक सिंह, संतोष सिंह ,भवन सिंह इत्यादि लोगों का गेहूं का फसल जल गया है । इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि आग लगने की कोई सूचना उनको नहीं मिल पाई है । वहीं क्षेत्रीय लेखपाल अमरेश सिंह जानकारी दिए जाने के बाद भी खबर भेजे जाने तक मौके पर नहीं पहुंच पाए थे ताकि किसका कितना फसल जल है इसका अंदाजा लग सके । किसानो ने अहरौरा या अदलहाट में फायर ब्रिगेड की गाड़ी रखने की किया मांग सार्क सर्किट से आग लगने की घटना के बाद किसानों ने क्षेत्र के अदलहाट या अहरौरा में फायर ब्रिगेड की गाड़ी का मुख्यालय बनाए जाने की मांग किया है ।ताकि 10 किलोमीटर की परिधि में आग लगने की कोई भी घटना होने पर फायर ब्रिगेड तत्काल वहां पहुंच सके ।

# नवनामांकित छात्रों को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दी स्टेशनरी, किया साथ में भोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**घोरावल।** स्थानीय बेसिक शिक्षा विभाग की विद्यालयों में नवीन शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा




अधिकारी अशोक कुमार सिंह द्वारा कंपोजिट विद्यालय विसुंधरी, प्राथमिक विद्यालय हिरनखुरी व प्राथमिक विद्यालय बिसरेखी में नवीन नामांकित बच्चों को स्टेशनरी का वितरण किया गया व बच्चों के साथ मध्याह्न भोजन ग्रहण किया गया। इसके साथ ही उपरोक्त सभी विद्यालयों में संचारी रोगों से रोकथाम हेतु बच्चों को जागरूक किया गया तथा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह द्वारा उपस्थित अभिभावकों व बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए संबोधित भी किया गया और शिक्षकों से शत प्रतिशत नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शशि त्रिपाठी कौशर जहां सिद्दीकी, सुनील कुमार मौर्य, उमाशंकर, वर्तिका पटेल, प्रतिभा, कंचन, मुननी देवी, अजीत कुमार, हरिशंकर, राम प्रसाद, गज़ाला अख्तर, विष्णु कांत, शिवम गुप्ता अभिभावक, बच्चे, संकुल प्रभारी सुनील कांत माथुर व एआरपी अखिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# संचारी अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान सोमवार को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने संचारी अभियान का उद्घाटन



व संचारी की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए बताया कि व्यापक जन-जागरूकता के द्वारा संचारी रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, संचारी रोग आर्थिक क्षति का मुख्य कारण है रोगों के प्रति जागरुकता, साफ-सफाई तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाकर इन रोगों से मुक्ति पायी जा सकती है, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमुदाय को संचारी रोगों से जागरूकता के लिये शपथ दिलाया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि अर्न्तविभागीय सहयोग के द्वारा इस अभियान को सफल बनाया जायेगा। कुल 11 विभागी के सहयोग से 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक संचारी अभियान चलाया जायेगा, स्वास्थ्य विभाग को 1500 से अधिक आशाओं तथा आंगनबाड़ियों के द्वारा घर-घर जाकर बुखार इन्फ्यूऐजा, टी0बी0 फाइलेरिया तथा कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण किया जायेगा जिसके जाँच एवं उपचार की व्यवस्था निःशुल्क की गयी है इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मलेरिया विभाग के समस्त अधिकारी एवं मलेरिया निरीक्षक मौजूद थे साथ ही साथ जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी श्री सुधांशू शेखर शर्मा व नगर पालिका के सफाई कर्मचारी एवं आंगनबाडी कार्यकत्री उपस्थित थी।

# 3 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक विद्युत व्यवस्था बाधित रहेगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आगामी चैत्र नवरात्र मेला 2024 में सुचारू विद्युत व्यवस्था बनाए रखने हेतु 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र विंध्याचल से पोषित 11 केवी धाम, विंध्याचल, अष्टभुजा एवं कालीखोह फीडर का अनुरक्षण कार्य होने के कारण दिनांक 2 अप्रैल 2024 से दिनांक 7 अप्रैल 2024 तक प्रातः 10:30 बजे से शाम 6:00 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी अधिशासी अभियंता राजेश कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि इस अवधि के लिए पानी इत्यादि की व्यवस्था पहले से ही कर ले।

# नवरात्र मेले को देखते हुए एस पी सिटी ने बैठक कर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**विंध्याचल।** नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा की जायेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था नवरात्र मेले को देखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मुहैया कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एस पी सिटी नितेश सिंह जी ने कोतवाली विंध्याचल में नवरात्र मेले में लगे प्रभारियों के साथ बैठक किया। बैठक के पश्चात सदर बाजार से होते हुए मंदिर प्रांगण के साथ नई वी आई पी मार्ग का भ्रमण कर लिया गया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा। इस दौरान थाना प्रभारी दया शंकर ओझा,धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार मिश्र, मेला प्रभारी चंद्र प्रकाश पांडेय,धाम चौकी प्रभारी राजकुमार पाण्डेय, यातायात प्रभारी,विपिन कुमार पांडेय आदि लोग साथ रहें।



# 9 महीना 13 दिन में वैष्णो मंदिर के पास रेलवे ओभर ब्रिज हुआ चालू खुशी की लहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** बग्घानाला वैष्णो मंदिर के बीच बनकर तैयार हुए रेलवे ओवरब्रिज का आज मंगलवार



श्रमिकों ने पूजा-पाठ कर शुभारंभ कर दिया। इस पुल से भारी वाहनों का आवागमन होने से यात्रियों समेत तमाम लोगों को सुविधा मिल जाएगी। यातायात शुरू होने के बाद मौके पर पहुंचे रेलवे डिप्टी चीफ इंजीनियर शशि कुमार यादव ने निरीक्षण कर नौ माह तेरह दिन पूर्व चोपन गढ़वा व चोपन सिंगरौली रेलवे लाइन पर पुल संख्या 382 आर ओबी पुल में दरार आ जाने के कारण 19 जून से इस मार्ग से बड़े वाहनों का आवागमन बंद कर मार्ग को परिवर्तित कर दिया गया था उसके बाद दक्षिणांचल शक्तिनगर, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार की ओर जाने वाले यात्री वाहन समेत भारी वाहन गजराज नगर से घूमकर खनन क्षेत्र की सड़क से होते हुए खनन कैंप के पास मुख्य मार्ग पहुंचते थे।इसी तरह वाराणसी की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को डाला-ओबरा संपर्क मार्ग से घूमकर जाना पड़ता था। परिवर्तित मार्ग में वाहन खराब होने के बाद घंटों जाम लग जाता था।अब लोगों के आवागमन की समस्या से निजात मिल गया।

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने काला दिवस मनाकर नई पेंशन प्रणाली का विरोध किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोमवार को अटेवा (ऑल टीचर्स एण्ड एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जनपद सोनभद्र में अटेवा



जिलाध्यक्ष राजकुमार मौर्य के नेतृत्व में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने बाँह पर काली पट्टी बाँधकर नई पेंशन प्रणाली का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की।अटेवा जिलाध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 01 अप्रैल 2005 से शिक्षकों व कर्मचारियों कि पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त कर नई पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गयी है जिसके अंतर्गत आज नई पेंशन व्यवस्था में रिटायर होने वाले शिक्षक व कर्मचारियों को ?700, 1000,1400 व 2000 पेंशन के रूप में मिल रही है जिससे सेवानिवृत होने के बाद भरण पोषण भी नहीं हो पा रहा है और लोग पीड़ादायक जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।अटेवा जिला महामंत्री सूर्यप्रकाश ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है और इसी के लिए हमारा आंदोलन चल रहा है यदि सरकार हमारी पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो शिक्षक और कर्मचारी सदैव सरकार कि इस गलत का विरोध करते हुए आंदोलन करेंगे।करमा ब्लॉक के अध्यक्ष मनोज पटेल, रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के अध्यक्ष अजय कुशवाहा, चतरा ब्लॉक के अध्यक्ष राम मूर्ति, घोरावल ब्लॉक के अध्यक्ष राजेश बैस, चोपन ब्लॉक के अध्यक्ष बीएन सिंह, कोन ब्लॉक के अध्यक्ष संदीप जायसवाल, दुद्धी ब्लॉक के अध्यक्ष मनोज यादव, बभनी ब्लॉक के अध्यक्ष संतोष यादव, म्योरपुर ब्लॉक के अध्यक्ष आलोक सिंह के नेतृत्व में सभी ब्लाकों में काली पट्टी बाँधकर शिक्षक व कर्मचारियों ने नई पेंशन व्यवस्था का विरोध किया।इस विरोध कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षक व कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर बाँह पर काली पट्टी बांधकर अपना शैक्षणिक व अन्य कार्य दायित्व को निष्ठा के साथ पूर्ण करते रहे।काला दिवस कार्यक्रम में सर्वेश तिवारी, उमा सिंह पटेल, रवि प्रकाश सिंह मौर्य, प्रभाशंकर मिश्र, दिनेश दुबे, बलराम कृष्ण यादव,मोहम्मद आरिफ, राजेश कुमार, अरुण तिवारी, कमलेश सिंह, राधेश्याम पाल, रामगोपाल यादव, राजबहादुर सिंह, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार सिंह, गोपाल सिंह कुशवाहा, संतोष कुमार, प्रदीप गुप्ता,नितेश मौर्य, देवेंन्द्र कुशवाहा सहित हजारों शिक्षक/ कर्मचारियों ने अपने बाँह पर काली पट्टी बाँधकर नई पेंशन व्यवस्था का विरोध करते हुए नई पेंशन व्यवस्था बहाल करने कि मांग की।

# आचार सहिंता और वित्तीय वर्ष के बजट समापन बीच सड़क चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** वित्तीय वर्ष का बजट कैसे जल्दबाजी में निकाल लिया जाय इसमें जनपद - सोनभद्र के ठेकेदार/जेई भली भांति जानते है। और काम भी फास्ट करने का



तरीका कोई जेई से ज्ञात करें। कुछ ऐसा की मामला दो ग्राम पंचायत के बीच रहा। जहां ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों को धमकी के साथ जल्दबाजी में कर दिया पगडंडी पर ही पिचिंग। एक तरह आचार सँहिता तो दूसरे तरफ वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते सरकारी धन का दुरुपयोग किया जाने लगा। वहीं शिकायत मिलते ही ठेकेदार अपनी मशीनरी लेकर रफूचक्कर हो गए। आचार सहिंता और वित्तीय वर्ष के समापन में हो रहा बड़ा खेल बिकास खण्ड - रावट्र्सगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत रेडिया में अंबेडकर तिराहा से कोमल के घर तक लगभग 2 किलोमीटर की सड़क निर्माण जिलापंचायत द्वारा होनी थी। जिसमे कार्य स्थिरता से मजदूरों को समय काटने के लिए लगाया गया था। जैसे ही आचार सहिंता लगने की सूचना जारी हुई ठेकेदार और जेई सरकारी धन के बंदर बांट का मंसूबा बना बैठे। वित्तीय वर्ष के समापन में जल्दबाजी में सड़क पर सोलिंग न डालकर मिट्टी की परत पर ही पिचिंग कर डाली। सड़क निर्माण में बीच मे पड़े पुलिया के पास ठेकेदार को मिट्टी तक जल्दबाजी में डालने का मौका नही मिला। जहां कभी भी अनहोनी हो सकती है। मौके पर ग्रामीणों ने आधा दर्जन से ज्यादा जले मोबिल को ड्रम में देखा । जिससे सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। ग्रामीणों के विरोध के बाद ठेकेदार द्वारा लगभग 2 बजे रात्रि में सभी सामग्री हटा लिया गया। वहीं गांव में चार्चाओ का विषय बना हुआ है। इस सम्बंध में जिलापंचायत के जेई विनोद वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है। जांच किया जाएगा। सड़क बनाते समय सोलिंग का प्रयोग करना था । यदि ऐसा है तो आकर देखता हूं। जानिए किसके नजर अंदाज में हुआ ऐसा सड़क निर्माण वही ग्राम प्रधान पति सुनील सिंह गौंड को फोन के माध्यम से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो फोन नही उठा। गांव के प्रधान व क्षेत्र के जिलापंचायत सदस्य होने के नाते जहां क्षेत्र का विकास प्रथमिकता में होनी चाहिए वही गुणवत्ता को चंद सुविधाओ के लिए नजर अंदाज किया जा रहा।

# अपनी ही सरकार है, वोट देना अधिकार है वोटरों को जगाने सड़कों पर उतरे विद्यार्थी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों जोरों पर हैं। इस बीच चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के



लिए आदर्श इंटर कॉलेज से बच्चों ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। इन दौरान विद्यार्थी तरह- तरह के स्लोगन बोलते हुए सड़क पर उतरे। अपनी ही सरकार है- वोट देना अधिकार है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो... यह नारे लगाते हुए मंगलवार को रॉबट्र्सगंज नगर की सड़कों पर स्कूली बच्चों ने रैली निकाली। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आदर्श इंटर कॉलेज से निकली रैली नगर के विभिनन्वार्डीं में गई। छात्र-छात्राओं ने लोगों को मताधिकार की महत्ता समझाते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। डीआईओएस राजेंद्र यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद हाथों में आकर्षक स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ छात्र-छात्राएं सड़कों पर उतरे। नगर में लोगों से मिलकर उन्हें एक जून को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबको मतदान करना जरूरी है। रैली में प्रधानाचार्य संतोष सिंह सहित अन्य शिक्षक-कर्मचारी शामिल रहे।

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के दो मैचों की तारीख में किया बदलाव, कहीं आपकी फेवरेट टीम का तो नहीं नाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 (घ्ङ्ख् 2024) के अब तक कुल 14 मुकाबले खेले जा चुके है। हर दिन



टीमों के बीच कड़े टक्कर देखने को मिल रही है। इस बीच हाल ही में बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के दो मैचों की तारीख में बदलाव कर दिया। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने भी इसकी जानकारी दी। आईपीएल 2024 के दो मैचों की तारीख में बीसीसीआई ने बड़ा बदलाव किया है। पहला बदलाव केकेआर बनाम राजस्थान रॉयल्स के मैच का है जो पहले 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में होना था लेकिन अब यह मैच 16 अप्रैल को खेला जाएगा। दूसरा बदलाव गुजरात बनाम दिल्ली के मैच का है जो पहले 16 अप्रैल को खेला जाना था लेकिन अब ये मैच 17 अप्रैल को खेला जाएगा। बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (ख्व्ह्रं) बनाम राजस्थान रॉयल्स ( ं) के मैच में बदलाव किया। यह मैच पहले 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में खेला जाना था, लेकिन अब ये मैच एक दिन पहले 16 अप्रैल को खेला जाएगा। जबकि दूसरा बदलाव गुजरात टाइटंस (उऊ) और दिल्ली कैपिटल्स (अ ण) के मैच में किया गया है। गुजरात-दिल्ली का मैच पहले 16 अप्रैल को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना था, लेकिन अब ये मैच 17 अप्रैल को खेला जाएगा। 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन कोलकाता के ईडन गार्डन में केकेआर बनाम राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला खेला जाना था, लेकिन अब ये मैच एक दिन पहले यानी 16 अप्रैल को खेला जाएगा, क्योंकि कोलाकाता पुलिस ने मैच के लिए सिक्योरिटी देने से इनकार कर दिया था। ऐसे में आईपीएल 2024 के इस मुकाबले की तारीख को बदलाने के अलावा बीसीसीआई के पास कोई और ऑप्शन नहीं था। आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने अपने शुरुआती दो मुकाबलों में जीत हासिल की। हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में 4 रन से और दूसरे मैच में आरसीबी के खिलाफ 7 विकेट से केकेआर को जीत मिली। इस वक्त केकेआर प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।

# मुंबई की हार की हैट्रिक से इमोशनल हुए हार्दिक पांड्या वापसी की नहीं छोड़ी उम्मीद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 में अपने तीसरे मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से धूल चटाई और मुंबई जीत का खाता नहीं खोल सकी। मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 के 14वें मैच में राजस्?थान रॉयल?स के हाथों 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई टीम की मौजूदा सीजन में यह लगातार तीसरी हार रही। इस हार के बाद हार्दिक पांड्या ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया हैं जो मिनटों में ही वायरल हो गया। इस हार के साथ मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को जमकर ट्रोल किया गया। वानखेड़े स्टेडियम पर मैच की शुरुआत से पहले जब हार्दिक टॉस के लिए उतरे थे, तो उस समय भी दर्शकों ने हूटिंग कर पांड्या को ट्रोल किया था। अब राजस्थान रॉयल्स से मिली करारी हार के बाद कप्तान हार्दिक ने अपने इंस्टग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है।



दरअसल, मुंबई इंडियंस को अपने घर पर राजस्थान रॉयल्स से 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद मुंबई टीम के कप्तान हार्दिक ने अपने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि अगर आपको इस टीम के बारे में एक चीज जाननी है तो यह है कि हम कभी हार नहीं मानेंगे। हम लड़ते रहेंगे और हम चलते रहेंगे। नए कप्तान हार्दिक पांड्या की अगुवाई में मुंबई इंडियंस की आईपीएल 2024 में शुरुआत बेहद ही खराब हुई। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई टीम ने इस सीजन में अपने शुरुआती तीनों मुकाबले गंवा दिए। बता दें कि पांड्या ने अपनी कप्तानी में साल 2022 में गुजरात टाइटंस को आईपीएल का खिताब जिताया था और 2023 में गुजरात टीम को फाइनल तक का सफर तय कराया। हालांकि, मुंबई में वापसी करते हुए उनकी शुरुआत खराब रही। अहमदाबाद, हैदराबाद के बाद मुंबई में भी हार्दिक को फैंस की हूटिंग का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 के 14वें मैच में पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 125 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों के सामने मुंबई का टॉप-ऑर्डर फ्लॉप रहा। मुंबई के तीन बल्लेबाजों को ट्रेंट बोल्ट ने शून्य पर पवेलियन भेजा। हार्दिक और तिलक वर्मा के बीच अर्धशतकीय साझेदारी बनी। तिलक के बल्ले से 32 रन और हार्दिक ने 34 रन की पारी खेली। बोल्ट के अलावा राजस्थान के लिए चहल ने भी 3 विकेट चटकाए। इसके जवाब में 126 रन का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम ने 15.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान की टीम की तरफ से रियाग पराग ने नाबाद 54 रन की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

# राजस्थान रॉयल्स जीत की हैट्रिक लगाकर बना नंबर 1, मुंबई इंडियंस की स्थिति में नहीं कोई सुधार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने



सोमवार को आईपीएल 2024 में जीत की हैट्रिक लगाई। संजू सैमसन के नेतृत्व वाली राजस्थान रॉयल्स ने वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से पटखनी दी। इस जीत के साथ ही राजस्थान के रणबांकुरे प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस को एकतरफा मैच में 6 विकेट से मात दी। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार तीसरी जीत रही और वो आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में नंबर-1 बन गई है। रॉयल्स ने केकेआर को शीर्ष स्थान से हटाया। मुंबई इंडियंस की लगातार तीसरी शिकस्त रही और वो आखिरी स्थान पर हैं। राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को शीर्ष स्थान से हटाकर नंबर-1 पायदान अपने नाम किया। चेन्नई सुपरकिंग्स को भी एक स्थान का नुकसान हुआ और वो दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसकी। गुजरात टाइटंस की टीम चौथे स्थान पर जमी हुई है। हालांकि, मुंबई इंडियंस के भाग्य में कोई सुधार नहीं हुआ। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस लगातार तीन शिकस्त सहने के बाद प्वाइंट्स टेबल में 10वें स्थान पर काबिज है। अब मंगलवार को लखनऊ सुपरजायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला होगा, जिससे प्वाइंट्स टेबल के टॉप-4 में बदलाव होने की स्थिति बेहद कम है। अगर लखनऊ विशाल अंतर से जीत दर्ज करेगा तो उसके टॉप-4 में जगह पाने की कुछ उम्मीद है।

# कोई नहीं पचा सकता, रोहित ने क्या गलत कप्तानी के विवाद पर पूर्व क्रिकेटर की दो टूक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए अब तक कुछ भी सही नहीं घटा है। लगातार तीन



मैचों में हार का मुंह देखने के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या आलोचकों के निशाने पर हैं। बीच मैदान पर भी फैन्स हार्दिक को लेकर काफी हूटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2024 में कुछ भी सही नहीं घट रहा है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टीम ने अब तक खेले तीनों ही मैचों में हार का मुंह देखा है। राजस्थान के खिलाफ टीम को एकतरफा अंदाज में 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी। टीम के लचर प्रदर्शन के कारण नए कप्तान हार्दिक भी जमकर आलोचना झेल रहे हैं। रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक के हाथों में टीम की कमान सौंपे जाने का फैसला मुंबई की टीम मैनेजमेंट के लिए जी का जंजाल बन गया है। कप्तानी के इस विवाद पर अब भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू का भी बयान सामने आया है। उन्होंने हार्दिक को धोनी के नक्शे कदमों पर चलने की सलाह दी है। भारत के पूर्व क्रिकेटर ने हार्दिक पांड्या को अहम सलाह भी दी। उन्होंने कहा, ठसफलता से बड़ी चीज कुछ नहीं होती है। अगर मुंबई ने अपने आखिरी दोनों मैच जीते होते, तो हर कोई चुप हो गया होता। मुझे लगता है कि हार्दिक को टीम कॉम्बिनेशन पर फोकस करना चाहिए। जब आपने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 277 रन खाए, तो हर कोई यही चिल्ला रहा था कि आपकी बॉलिंग अच्छी नहीं है। गुजरात के खिलाफ खेला गया मैच काफी करीबी था। उसमें मुंबई को हार मिली थी, शर्मिंदगी नहीं।ठ सिद्धू ने आगे कहा, ठआप देखिए धोनी ने क्या किया। जब पिछले सीजन चेनन्ई के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज डेवोन कॉनवे चोटिल हो गए, तो उनकी जगह पर धोनी ने रचिन रविंद्र को शामिल कर लिया, जो लगभग उनकी तरह से खेलते हैं या फिर उनसे थोड़ा बेहतर ही। हार्दिक को इसी तरह के रिप्लेसमेंट खोजने होंगे, नहीं तो उनकी पोल खुल जाएगी।

# राजस्थान रॉयल्स की मुंबई पर जीत के बाद संजु सैमसन के 'गेम चेंजर' कमेंट ने सभी को चौंकाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को सोमवार को जीत दिलाने में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने



तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई इंडियंस के बैटिंग क्रम की कमर तोड़ दी। मगर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने मैच का गेम चेंजर पल बताकर सभी को चौंका दिया। राजस्थान रॉयस ने सोमवार को आईपीएल 2024 के 14वें मैच में मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से पटखनी दी। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई इंडियंस के बैटिंग क्रम को तहस-नहस किया। मगर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के मुताबिक गेम चेंजर पल कुछ अलग था। जब संजू सैमसन ने गेम चेंजर पल बताया तो किसी को विश्वास नहीं हुअ संजू सैमसन का मानना है कि मैच का टॉस गेम चेंजर पल था। मैच के बाद सैमसन ने टॉस का महत?व बताते हुए कहा, ''मेरे ख्याल से टॉस गेम चेंजर था। पिच पर शुरुआत में गेंद फिसल रही थी। ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर का अनुभव हमारे काम आया। बोल्ट को खेलते हुए 10-15 साल हो गए हैं और हमें उनसे नई गेंद के साथ इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी। हमने उम्मीद नहीं की थी कि 4-5 विकेट गिरेंगे, लेकिन हम जानते थे कि हमारे गेंदबाज बेहतर प्रदर्शन करेंगे।'' बता दें कि राजस्थान रॉयल्स ने आसानी से वानखेड़े स्टेडियम पर जीत दर्ज की।

# कौन है चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार क्रिकेट में खूब कमा चुकी हैं नाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स ने रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया है। सीएसके ने गुरुवार को पुष्टि की है कि एमएस धोनी ने कमान रुतुराज



गायकवाड़ को सौंपी। गायकवाड़ की आईपीएल यात्रा सीएसके के साथ शानदार रही है और उन्हें धोनी का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। चेन्नई सुपरकिंग्स के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार भी क्रिकेट खेल चुकी हैं। रुतुराज गायकवाड़ और उत्कर्षा पवार की शादी 3 जून 2023 को हुई थी। उत्कर्षा ने महाराष्ट्र के लिए क्रिकेट खेला है और वो दाएं हाथ से मध्यम तेज गेंदबाजी करती थीं। उत्कर्षा का नाम विमेंस प्रीमियर लीग की नीलामी में आया था। उनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपये थी। रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी उत्कर्षा पवार भी एक क्रिकेटर रह चुकी हैं। वो महाराष्ट्र टीम का कई स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उत्कर्षा ऑलराउंडर हैं। उनकी दाएं हाथ की मध्यम तेज गति की गेंदबाजी काफी उपयोगी साबित होती थी। 2015 से लेकर 2018 तक उन्होंने महाराष्ट्र वेस्ट जोन अंडर-19 और वेस्ट जोन अंडर-23 का प्रतिनिधित्व किया। टीम इंडिया सी के लिए खेलना भी उत्कर्षा के लिए गर्व वाला पल रहा। जब से रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया तो गूगल पर उनकी पत्नी के बारे में लोग खोज करने लगे। चलिए हम आपको रुतुराज गायकवाड़ की पत्नी के बारे में बताते हैं। रुतुराज गायकवाड़ ने 3 जून 2023 को उत्कर्षा पवार के साथ शादी की।

# वैभव सूर्यवंशी ने वनडे में तिहरा शतक जड़कर तोड़ डाला रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बीहट (बेगूसराय)।** बिहार क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित रणधीर वर्मा अंडर-19 वनडे प्रतियोगिता में रविवार को अविजित तिहरा शतक जमाकर समस्तीपुर के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। वैभव सूर्यवंशी ने वनडे क्रिकेट में तिहरा शतक जमाकर वर्ल्?ड रिकॉर्ड बना दिया है। वैभव वनडे क्रिकेट में तिहरा शतक जमाने वाले भारत के पहले क्रिकेटर बने। उन्होंने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा (264) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बता दें कि वैभव सूर्यवंशी ने समस्तीपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए सहरसा के खिलाफ 178 गेंदों में नाबाद 332 रन की धमाकेदार पारी खेली। इससे पहले 2002 काउंटी के प्रथम श्रेणी के वनडे मैच में सरे की ओर से अली ब्राउन ने ग्लेमोर्गन के विरुद्ध रिकार्ड 268 रन की पारी खेली थी। वैसे वनडे में भारत के रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 264 रन बनाए हैं। वैभव वनडे क्रिकेट में तिहरा शतक जमाने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रारूप में अभी तक एकमात्र तिहरा शतक दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट में लगा है। 14 जून 2022 को ऑस्ट्रेलिया के स्टीफन नीरो ने ब्रिस्बेन में न्यूजीलैंड के विरुद्ध वनडे क्रिकेट में पहला तिहरा शतक जड़ कर इतिहास रचा था। नीरो ने 140 गेंदों में नाबाद 309 रनों की पारी खेली थी। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 178 गेंदों में 332 रनों की धमाकेदार पारी खेली और अविजित रहे। उनके योगदान से समस्तीपुर ने सहरसा को 281 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

# बेन स्टोक्स नहीं खेलेंगे टी20 वर्ल्ड कप 2024 इंग्लैंड को टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले लगा करारा झटका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत 1 जून से होने वाली



है। इस मेगा इवेंट से पहले इंग्लैंड क्रिकेट टीम को करारा झटका लगा हैं। इंग्लैंड टीम के धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने टी20 विश्व कप 2024 खेलने से इनकार कर दिया है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने मंगलवार को ये कंफर्म किया कि वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए उपलब्ध नहीं हैं। स्टोक्स ने कहा क वह इस वक्त कड़ी मेहनत कर रहे है कि वह पूरी तरह से फिट हो और क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में ऑलराउंडर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो। इससे पहले बेन स्टोक्स ने आईपीएल 2024 खेलने से इनकार किया था। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ण्ँ) ने इसकी जानकारी अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट के जरिए दी। इसका मतलब इस बार टी20 वर्ल्ड कप 2024 में इंग्लैंड की टीम बेन स्टोक्स के बिना टूर्नामेंट खेलने उतरेगी। आइए जानते हैं क्यों बेन स्टोक्स ने आईसीसी के बड़े टूर्नामेंट में खेलने से मना कर दिया। दरअसल, अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन होना है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स (ँह एूदवे) ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के पूरे टूर्नामेंट में खेलने से इनकार कर दिया हैं। बेन स्टोक्स ने पुष्टि करते हुए कहा कि वह इस टी20 विश्व कप से पहले चयन के लिए सोचना नहीं चाहते हैं, जो जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान का पूरा ध्यान गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह फिट होना है। बता दें कि बेन स्टोक्स ने 22 अप्रैल से शुरू हुए आईपीएल 2024 सीजन से बाहर का फैसला किया था। स्टोक्स को चेनन्ई फ्रेंचाइजी ने 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन उन्होंने 2023 सीजन में केवल दो मैच खेले थे। दिसंबर में आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले, स्टोक्स ने सुपर किंग्स द्वारा उन्हें रिलीज करने के विकल्प के साथ आईपीएल 2024 सीजन से अपना नाम वापस ले लिया। बेन स्टोक्स ने आगे ये भी कहा कि मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में एक ऑलराउंडर के रूप में पूरी भूमिका निभाने के लिए अपनी गेंदबाजी फिटनेस को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। आईपीएल और वर्ल्ड कप से खेलने से मना करना उम्मीद से एक बलिदान होगा जो मुझे भविष्य में ऑलराउंड खिलाड़ी बनने में मदद करेगा।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# टूट गया 37 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड, चार्ली डीन ने एक पारी के अंतर से पलट दी रिकॉर्ड बुक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की चार्ली डीन ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। डीन महिला वनडे इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। चार्ली डीन इंग्लैंड की तरफ से सबसे तेज 50 विकेट लेने वाली गेंदबाज भी बनीं। युवा ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में तीन विकेट लेकर कई रिकॉर्ड्स बनाए। वेलिंगटन में बेसिन रिजर्व में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड महिलाओं ने न्यूजीलैंड को 52 गेंदें शेष रहते हुए चार विकेट से मात दी। चार्ली डीन ने इस दौरान 37 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया और अपना नाम इतिहास के सुनहरे पन्नों पर दर्ज करा लिया। चार्ली डीन ने



ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर लिन फुलस्टोन का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वो ऐसे कि डीन ने 26वीं पारी में 50 विकेट पूरे किए। इससे पहले यह रकॉर्ड फुलस्टोन के नाम दर्ज था, जिन्होंने 27 पारियों में 50 विकेट पूरे किए थे। डीन ने नया रिकॉर्ड सोमवार को वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में स्थापित किया। डीन ने न्यूजीलैंड की ब्रूक हालीडे को अपना 50वां शिकार बनाया। ऑफ स्पिनर ने इसके अलावा डीन ने सूजी बेट्स और ला ताहुहू के विकेट भी लिए। डीन का गेंदबाजी स्पेल 9 ओवर में 57 रन देकर तीन विकेट लेना रहा। डीन के शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 48.2 ओवर में 207 रन पर ऑलआउट किया। 23 साल की चार्ली डीन ने गेंदबाजी के अलावा बल्ले से भी काफी प्रभावित किया। उन्होंने 70 गेंदों में एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाए, जिसकी मदद से मेहमान टीम ने 8.4 ओवर शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। इंग्लैंड की टीम एक समय 79 रन पर छह विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। तब डीन ने एमी जोंस के साथ सातवें विकेट के लिए 130 रन की अविजति साझेदारी की।

# सम्पादकीय

## महंगा है अकेले सेवानिवृत्ति के बाद जीवनयापन

पति-पतनी दोनों अगर लंबे समय तक नौकरी के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं तो रिटायरमेंट के बाद लागत के लिहाज से उनका जीवन आसान बना रहता है।?इसके विपरीत, आप अकेले हैं व सेवानिवृत्ति के बाद खर्च साझा करने वाला कोई और नहीं हैं तो यह रिटायरमेंट आपके लिए?अपेक्षाकृत महंगा साबित हो सकता है।जब आपका पाला सेवानिवृत्त हो चुके और होने वाले लोगों से पड़ता है तो कई बार किसी बात के लिए आपकी आलोचना जरूर हो सकती है। हाल ही में मैं अलग-अलग अवसरों और जगहों पर दो अनोखे लोगों से मिला। उनमें सिर्फ एक ही समानता थी कि दोनों अविवाहित थे। एक की उम्र 63 वर्ष थी, जबकि दूसरे की 56 साल।हरि कोविड महामारी के दौरान सरकारी नौकरी में लंबे करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए। उमा कुछ साल में सेवानिवृत्त होने वाली हैं। तलाक के बाद वह कई साल से अकेली रह रही हैं। बहुत से लोग मानते हैं कि किसी जोड़े के सेवानिवृत्त होने के लिए आवश्यक संख्या को दो से विभाजित करने का तरीका अकेले रिटायर होने वाले से ज्यादा सही है। पर, वास्तविकता यह है कि अगर आप अकेले हैं तो आपको जो चाहिए वह उससे अधिक है, जो आप तब प्राप्त करेंगे, जब आप रिटायरमेंट संख्या को दो से विभाजित करेंगे। हां, यह थोड़ा चिंताजनक लग सकता है, लेकिन सच है कि अगर आप अकेले सेवानिवृत्त होने वाले हैं तो जोड़े के रिटायरमेंट की तुलना में आपके खर्च अक्सर ज्यादा होते हैं।लागत साझा करने के समान अवसर नहीं अकेले सेवानिवृत्त होने वालों के पास आवास, वाहन और घर चलाने जैसी चीजों की लागत साझा करने के समान अवसर नहीं होते हैं। इसलिए, उन्हें रिटायर के लिए अधिक बचत करनी होगी।?अगर आप अकेले हैं और बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर रहे हैं तो ऐसे में आपके पास अपनी उम्र के 30 और 40 के दशक के दौरान बचत करने के कहीं अधिक अवसर होते हैं। जिनके पास बच्चों के लिए धन, घर और कई अन्य चुनौतियां होती हैं और जिनका सामना उन्हें परिवार के पालन-पोषण करते समय करना पड़ता है, उनको ज्यादा खर्च करना होता है।रिटायरमेंट के समय अपने खर्च पर जरूर रखें नजरवास्तविकता यह है कि प्रति व्यक्ति खर्च बहुत अधिक है, इसलिए जब रिटायरमेंट की योजना बना रहे हों तो इस पर विचार करने की जरूरत है। परिवारों की तुलना में सिंगल लोग लाइफस्टाइल पर अनजाने में अधिक खर्च करते हैं और इसे वे अपना भी लेते हैं। उदाहरण के लिए, जब एक छोटी कार से भी काम हो सकता है तो भी अकेला व्यक्ति सेडान खरीद लेता है। इसके विपरीत, एक दंपती रिटायरमेंट के करीब एक छोटी कार ही पसंद करेगा।चुनौती अधिक बचत करने की जरूरतसिंगल लोगों को 60 वर्ष की आयु तक समान उम्र वाले जोड़े की तुलना में रिटायर होने पर लगभग 15-20 फीसदी अधिक बचत की जरूरत होगी। रिटायरमेंट बचत से 4-6 फीसदी निकासी यह पता लगाने का एक आसान तरीका है कि रिटायर होने पर आपको वास्तव में कितने पैसे की आवश्यकता होगी। इसका मतलब है कि 4 फीसदी का रेट पाने के लिए आपको रिटायर होने पर वास्तव में जितना पैसा निकालना होगा, उससे 25 से 30 गुना की आवश्यकता होगी।.तो बढ़ जाती है रिटायरमेंट उम्र मैंने सेवानिवृत्ति के प्रति दृष्टिकोण को समझने के लिए हरि व उमा दोनों से बातचीत करना शुरू किया। हरि ने कहा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल व सुरक्षा जैसी कुछ सामान्य सुविधाओं की बात आती है तो साझा लागत का लाभ उठाने के लिए वह रिटायरमेंट कम्युनिटी में चले गए हैं। दूसरी ओर, उमा ने कुछ साल पहले 50 साल की उम्र में उच्च अध्ययन के लिए अपनी लंबी नौकरी से छुट्टी ले ली थी। अब वह अपनी कंपनी में एक बड़े पद, जिम्मेदारी और वेतन पर वापस आ गई है, लेकिन इस नए बदलाव ने उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र को 70 साल तक कर दिया है। स्वास्थ्य भी बड़ी चुनौती एक महत्वपूर्ण पहलू जो सिंगल लोगों के लिए चुनौती बन सकता है, वह है उनका स्वास्थ्य। अक्सर अकेले रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य की देखभाल महंगी साबित होती है। चुनौती- व्यक्ति अकेले तो बढ़ जाती है?रिटायरमेंट की लागत सिंगल लोगों के लिए रिटायरमेंट लागत अधिक होती है क्योंकि खर्च साझा करने वाला कोई नहीं होता है। उदाहरण के लिए, यात्रा करते समय होटल के डबल रूम की लागत सिंगल रूम की तुलना में थोड़ी अधिक हो सकती है। लेकिन, दो लोगों के डबल रूम में ठहरने की प्रति व्यक्ति लागत सिंगल कमरे की तुलना में कम हो जाती है। अमूमन, किसी कपल को जिन चीजों के लिए 100 रुपये की जरूरत होगी।

# उड़ान भी अब बदल गई है और उड़ने वालों की जमात भी

कुछ दशक पहले तक भारत में विमान से यात्रा करना मध्यवर्गीय भारतीयों के लिए एक ग्लैमरस मामला था और एयरपोर्ट पर कुछ खास किस्म के चेहरे ही दिखते थे, लेकिन अब आम आदमी से लेकर श्रमिक तक, यानी पूरा भारत दिखता है, जो एक सुखद अहसास है।कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने 1950 के दशक में अपनी वारसॉ की विमान यात्रा के बारे में लिखा था। कौतुहल और भय से भरा हुआ उनका गद्य उड़ान की व्याकुलता के बारे में था, जिसे एयर इंडिया की पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। उस गद्य में उड़ान के अनुभव के बारे में उन्होंने अपनी भावनाओं को साझा किया था, जो दशकों बाद भी मेरे दिमाग में गूंजती हैं। उन्होंने लिखा था- 'हवाई यात्रा, स्वभाव से ही जरा संकट की यात्रा होती है और मुझ जैसे डरपोक लोग जब भी हवाई जहाज पर कदम धरते हैं, वे यह सोच लेते हैं कि अब तक जो जी लिया, अब अगर आगे भी जीना होगा, तो जहाज सकुशल धरती पर लौट आएगा।' वैसे तो दिनकर जी की तरह मैं भी एक डरपोक किस्म की इंसान हूं। हालांकि कई वर्षों पहले की बात है, जब मैंने दिल्ली से देहरादून के लिए एक घरेलू उड़ान ली थी। यह मेरी एक छोटी-सी विमान यात्रा थी, क्योंकि उड़ान भरने के कोई 10 मिनट बाद ही कैप्टन ने घोषणा की और केबिन क्रू को लैंडिंग के लिए तैयार होने के लिए कहा। कह सकती हूं कि यह मेरी एक सर्वश्रेष्ठ उड़ान थी। मेरी घेरलू सहायिका भी मेरे साथ पहली बार विमान से यात्रा कर रही थी और वह मेरी बगल में बैठी थी। उड़ान के दौरान वह बहुत सहज महसूस कर रही थी, उसका यह रवैया ठीक मेरे विपरीत था, जबकि मैं जब छोटी-सी बच्ची थी, तभी से विमान यात्रा कर रही हूं। वह काफी सहज होकर विमान में परोसे गए भोजन का आनंद ले रही थी, खिड़की के बाहर तैरते हुए बादलों को देख रही थी और जब विमान ने उड़ान भरी या नीचे उतरने लगा, तो उसे अपने पेट में किसी प्रकार की हलचल महसूस नहीं हुई। कहने की जरूरत नहीं है कि उसका अनुभव मेरे अनुभव से बिल्कुल अलग था! हवाई यात्रा के दौरान मेरी घरेलू सहायिका ने एक बात जो नोटिस की और जिसकी तरफ उसने मेरा ध्यान दिलाया, वह थी हवाई अड्डे पर मौजूद अन्य यात्री, जो हवाई यात्रा कर रहे थे। इस बात ने उसे काफी आश्चर्यचकित किया, क्योंकि उसने मेरा ध्यान बिहारी मजदूरों के एक समूह की ओर दिलाया, जो दूसरे काउंटर पर अपनी पोटली की जांच करवा रहे थे। मेरी घरेलू सहायिका को यह सब देखकर विश्वास नहीं हो रहा था, क्योंकि उसने हवाई अड्डे पर ऐसे लोगों को देखने की कभी उम्मीद नहीं की थी। हालांकि समय के साथ चीजें बहुत बदल गई हैं। जो काफी बूढ़े लोग हैं, वे याद कर सकते हैं कि कैसे कुछ दशक पहले तक भारत में विमान से यात्रा करना मध्यवर्गीय भारतीयों के लिए एक ग्लैमरस मामला था। पहले जो लोग हवाई जहाज से यात्रा करते थे, वे अपनी उड़ानों के लिए अच्छे कपड़े पहनते थे। यात्रा के बाद उनके रवैये में एक खास तरह का बदलाव आ जाता था और उनकी खुशबू अलग होती थी। यह एक वर्गीय भावना थी। इकनॉमी क्लास में भी यात्रा केवल उच्च वर्ग के लोग ही करते थे। उदारीकरण ने और अधिक एयरलाइनों के लिए आसमां खोल दिया, लेकिन विमान यात्रा करना अब भी सभी के लिए आसान नहीं था, खासकर कड़ी मेहनत करने वाले उन बिहार के मजदूरों के लिए, जो छुट्टी में अपने घर लौट रहे थे। लेकिन वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार के प्रयासों से हवाई मार्गों और हवाई अड्डों के खुलने के साथ-साथ हवाई जहाजों के प्रतिस्पर्धी किरायों ने हवाई यात्रा को आम लोगों के लिए और अधिक सुलभ बना दिया है और हम सभी को इस बात पर गर्व महसूस करना चाहिए, यहां तक कि उन लोगों को भी, जो हवाई यात्रा करने से डरते हैं। हालांकि रेल से यात्रा करना पसंद करने के बावजूद मेरा मानना है कि नई वंदे भारत ट्रेन की सीटें किसी भी एयरलाइन की सीटों से कहीं अधिक आरामदेह हैं। पर मोदी सरकार के इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण से अलग जो उल्लेखनीय बात है, वह है सामान्य, कामकाजी वर्ग का आत्मविश्वास। और सिर्फ मध्यवर्गीय भारतीयों में ही नहीं, बल्कि श्रमिक वर्ग में भी उड़ान को लेकर यह आत्मविश्वास आया है। चेक-इन के समय की औपचारिकताओं को पूरा करने में मुझे अपनी घरेलू सहायिका की मदद करनी पड़ी। लेकिन उसने मुझे आश्वस्त किया कि अगली बार वह अपना आधार कार्ड और टिकट अपने हाथ में रखेगी और अकेले यात्रा करने में सक्षम होगी, क्योंकि चेक-इन प्रक्रिया सुव्यवस्थित और सहज थी, जिससे उसे अब कोई डर नहीं लगता था। रेल से यात्रा करना पसंद करने के बावजूद मुझे स्वीकार करना होगा कि यदि आप समय से पहले पहुंच जाते हैं, तो हवाई यात्रा में ट्रेनों में होने वाली अव्यवस्था नहीं होती है। हालांकि, श्रमिक वर्ग के रवैये में यह आत्मविश्वास, जिसमें उनकी पोटली और अन्य सामान की जांच करने वाले श्रमिकों का समूह भी शामिल है, एक गरिमा और गतिशीलता का संकेत देता है, जो हमारे देश के हवाई अड्डों पर शायद ही कभी देखा जाता था। मुझे लगभग बारह-तेरह साल पहले की बात याद आती है, जब मैंने मध्य पूर्व की यात्रा की थी, तब मैंने देखा कि हमारे देश के बहुत से लोग हवाई अड्डे पर उतरते समय एक साथ इकट्ठा हो गए थे और उन्हें अपनी आव्रजन सुविधाओं के लिए एक कोने में बैठा दिया गया था, वे वहां मजदूरों के रूप में काम करने के लिए गए थे। मुझे उन लोगों का मवेशियों की तरह झुंड बनाना, उनके भ्रमित चेहरे और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार बहुत परेशान करने वाला लगा। मैंने भारत में अंतरराष्ट्रीय चेक-इन काउंटर पर एक व्यक्ति की मदद की थी, और जब वह दूसरों के साथ बैठा, तो उसने उनसे नजरें भी नहीं मिलाईं। इस प्रक्रिया में गरिमा का पूरी तरह अभाव दिखा। अंतरराष्ट्रीय उड़ान की तो बात ही छोड़ दें, यह उन सभी के लिए पहली उड़ान थी। किसी अनजान मुल्क में होने, विमान से यात्रा करने और फिर विदेशी भाषा की सीमित जानकारी के साथ वहां की सरकार की जांच-प्रक्रिया से संबंधित संयुक्त आतंक के प्रति मैं सहानुभूति रखती हूं। इसने मेरा दिल तोड़ दिया। इसलिए अपने देश में इतने सारे श्रमिकों को विमान यात्रा करते देखकर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत खुशी हुई। बेशक अधिकांश उड़ानें कम समय की रही हों, लेकिन यह एक लंबी छलांग है।




# भीषण युद्ध और तख्त बदलते देखे गुरुराम राय के झण्डे ने

ऐसा माना जाता है कि गुरु राम राय के इस डेरे से देहरादून का नामकरण हुआ। 'दून' घाटी में 'डेरा' यानि कि शिविर होने से इस स्थान का नाम ''डेरा दून'' पड़ा जो कालान्तर में देहरादून हो गया। कुछ विद्वान इसका नाम द्रोणाचार्य की तपस्थली के रूप में मानते हैं, इसीलिए इस अवसर को लोग देहरादून का जन्मदिन भी मानते हैं। उदासीन पन्थ की परम्परानुसार होली के ठीक पांचवें दिन गुरुराम राय दरबार में आरोहण के साथ ही झण्डा साहिब एक बार फिर पूरी शानों-शौकत से लहरा गया। यह ऐतिहासिक झण्डा न केवल देहरादून में गुरु रामराय के डेरे की स्थापना का प्रतीक है बल्कि देहरादून के जीवनकाल के 348 सालों के इतिहास का भी जीता जागता गवाह है। इन सैकड़ों सालों में इस झण्डे ने गढ़वाल नरेश की शहादत के साथ ही गोरखों के राज और फिर गोरखों के पतन के साथ ही अंग्रेजों की हुकुमत भी देखी है। उदासीन संप्रदाय का यह परचम उत्तराखण्ड आन्दोलन के बाद नए राज्य के जन्म का गवाह बना। उदासीन पंथ का कुंभ है झंडा मेला उत्तराखण्ड की अस्थाई राजधानी स्थित गुरु रामराय दरबार में होली के पांचवें दिन दरबार के दसवें महन्त देवेन्द्र दास द्वारा झण्डारोहण के साथ ही उत्तर भारत का विख्यात झण्डा मेला भी शुरू हो गया। यह मेला न केवल देहरादून में गुरु राम राय के डेरे की स्थापना की जयन्ती है बल्कि देहरादून शहर की स्थापना का भी समारोह है जिसका दूनवासी सालभर से इन्तजार करते हैं। इसने देहरादून के खुड़बुड़ा में रामराय के डेरे की स्थापना के बाद की तीन सदियों में कई उतार चढ़ाव और कई तख्त बदलते देखे हैं। इस अवसर पर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत उत्तर भारत के उदासीन पंथ श्रद्धालु हजारों की संख्या में एकत्र होकर विशालकाय पवित्र झंडा जी के आरोहण के साक्षी बनने के साथ ही झंडे पर वस्त्र और भेंट चढ़ाते हैं। सिखों के सातवें गुरू के जेष्ठ पुत्र थे राम राय ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार औरंगजेब के दरबार में हाजिर होने पर अपने पिता और सिखों के सातवें गुरु हर राय द्वारा घर से बेदखल किए जाने पर जब राम राय घर छोड़ कर नए ठिकाने के लिए यात्रा पर निकले थे तो वह लाहौर पहुंचे और वहां से अवध और आगरा होकर देहरादून के खुड़बुड़ा में ठहरे। इस दरबार की स्थापना बाबा राम राय ने 17वीं शताब्दी के मध्य में तब की थी, जब उन्हें मुगल बादशाह औरंगजेब के सामने अपने पवित्र ग्रंथ में एक शब्द की समुदाय द्वारा अस्वीकृत व्याख्या करने के लिए निर्वासित होना पड़ा था। माना जाता है कि औरंगजेब के हमले से बचने के लिए उसके समक्ष अपने ग्रंथ में उल्लिखित ''मुसलमान'' शब्द को बदल कर 'आस्था विहीन' कर दिया था। इतिहासकारों के अनुसार औरंगजेब से अच्छे संबंधों के चलते उन्हें इस स्थान पर गढ़वाल नरेश से जमीन आदि सुविधाएं मिली। गुरुराम राय दरबार परिसर में मुगलकालीन स्थापत्य आज भी देखा जा सकता है। देहरादून का नामकरण रामराय के डेरे से बाद में उन्होंने आचार्य श्रीचन्द के शिष्य बालू हसना से उदासीन पन्थ की दीक्षा ली और यहीं तपस्या करने लगे। कहा जाता है कि गुरु राम राय ने इसी दिन चैत्र माह की पंचमी को सन् 1676 में वर्तमान झण्डा साहिब के स्थान पर झण्डा गाढ़ कर अपना डेरा जमा दिया था। बाद में औरंगजेब ने गढ़वाल नरेश फतेहशाह को राम राय को हर सम्भव मदद करने का आदेश दिया। इस मुगल फरमान पर राजा ने गुरु राम राय को 7 गांव जागीर में दिए। ये 7 गावं आज एक महानगर देहरादून के रूप में विकसित हो गए। ऐसा माना जाता है कि गुरु राम राय के इस डेरे से देहरादून का नामकरण हुआ। 'दून' घाटी में 'डेरा' यानि कि शिविर होने से इस स्थान का नाम ''डेरा दून'' पड़ा जो कालान्तर में देहरादून हो गया। कुछ विद्वान इसका नाम द्रोणाचार्य की तपस्थली के रूप में मानते हैं, इसीलिए इस अवसर को लोग देहरादून का जन्मदिन भी मानते हैं। वास्तुकला का बेजोड़ नमूना गुरुराम राय दरबार मंदिर का केंद्रीय परिसर बाबा राम राय की मृत्यु के बारह साल बाद 1699 में पूरा हुआ और संपूर्ण संरचनात्मक कार्य 1703 और 1706 के बीच समाप्त हो गया। माना जाता है कि अलंकरण और पेंटिंग का काम संरचनात्मक पूरा होने के बाद भी लंबे समय तक जारी रहा। बाबा राम राय की पतनी माता पंजाब कौर ने निर्माण कार्य की देखरेख की और 1741-42 में अपनी मृत्यु तक दरबार के मामलों का प्रबंधन किया। किलानुमा गुरु राम राय दरबार की प्राचीर के चारों तरफ प्रवेश द्वार खुलते हैं और उनके ऊपर मीनारें बनीं हैं। पश्चिमी छोर पर विशाल फाटक के सामने सफेद सीढ़ीनुमा गोल चबूतरा नजर आता है । इसी चबूतरे पर खड़ा है आस्था का वह प्रतिबिंब है, झण्डा साहिब। गुरु रामराय महाराज ने 1699 में धामावाला में झंडा दरबार की स्थापना की। यह मुगल वास्तुकला की अनूठी प्रतिकृति है, जिसे 1707 में उनकी चार में से सबसे छोटी पतनी पंजाब कौर ने भव्यरूप प्रदान किया। चित्रकार की अनूठी कृति दरबार



साहिब के महराबों पर अंकित फूल-पत्तियां, पशु-पक्षी, वृक्ष, ऊंची नासिका वाले एक जैसे चेहरे, बड़े नेत्र और उनकी रंग योजना कांगड़ा-गुलेर और मुगल शैली के मिश्रण है। ऊंची मीनारें और गोल बुर्ज मुस्लिम वास्तुकला के ऐसे नमूने हैं। दरबार साहिब और उसके चारों ओर बसा झंडा मोहल्ला वर्तमान देहरादून का मूल है। इसमें एक ऐतिहासिक-सांस्कृतिक परंपरा समाहित है जो देहरादून में पनपी और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल व दिल्ली तक फैल गई। गढ़वाल नरेश और गोरखों का युद्ध देखा इस झंडे ने अतीत के गवाह इस झण्डा साहब ने 1804 में इसी के पास खुड़बुड़ा में गोरखों और गढ़.वाल नरेश का तुमल संग्राम देखा जिसमें हाथी पर सवार महाराजा प्रद्युम्न शाह की आंख में गोली लगने से वह शहीद हो गए और गढ़वाल राज्य अंग्रेजों के अधीन हो गया।इसने फिर 10 साल बाद खलंगा का युद्ध देखा जिसमें गोरखा जनरल बलभद्र बड़ी बहादुरी से तो लड़ा मगर अन्ततः अंग्रेजों ने उसे खलंगा का दुर्ग छोड़ कर पंजाब की ओर भाग जाने पर विवश कर दिया। दुर्ग के पतन के बाद गढ़वाल गोरखों के अत्याचारी शासन से मुक्त हुआ। बलभद्र के बचेखुचे गोरखा सैनिक खलंगा दुर्ग से बच कर निकले तो फिर सिखों के साथ मिल गए। गोरखा राज के पतन के बाद इस झण्डा साहिब ने गढ़वाल के नए राजा सुदर्शन शाह को गद्दीनसीं होते तो देखा मगर उसका आधा गढ़वाल देहरादून समेत अंग्रेजों के पास चला गया। दरअसल ईस्ट इंडिया कंपनी ने गोरखा आंग्ल युद्ध में गोरखा कमांडर बलभद्र सिंह को 1815 में खलंगा दुर्ग से भगाकर 1816 में देहरादून समेत गढ़वाल राज्य के एक हिस्से को अपने अधीन कर देहरादून को सुप्रीटेंडेंट के तौर पर फेड्रिक जे. शोर के हवाले कर देहरादून को 1819 में सहारनपुर जिले में मिला दिया था। सन् 1975 में देहरादून को गढ़वाल कमिशन्री में मिला दिया गया। देहरादून के बाद अंग्रेजों ने मसूरी खोजी और वहां अपनी बसागत बना ली। इस प्रकार देहरादून जिले पर लंबे समय तक अंग्रेजों का प्रभाव रहा। अन्ततः नब्बे के दशक का वह प्रचण्ड उत्तराखण्ड आन्दोलन भी देखा जिसके आगे भारत सरकार को झुकना पड़ा और उत्तर प्रदेश का विभाजन कर उत्तराखण्ड राज्य बनाना पड़ा जिसकी अस्थाई राजधानी भी देहरादून ही बनी। दरबार साहिब की परंपरा के महंत महंत औददास (1687-1741) महंत हरप्रसाद (1741-1766)महंत हरसेवक (1766-1818) महंत स्वरूपदास (1818-1842) महंत प्रीतमदास (1842-1854) महंत नारायणदास (1854-1885) महंत प्रयागदास (1885-1896) महंत लक्ष्मणदास (1896-1945) महंत इंदिरेशचरण दास (1945-2000) महंत देवेंद्र दास (25 जून 2000) से गद्दीनसीन।

# टाइम पास बन गया है सोशल मीडिया, अधिकांश लोग ले रहे हैं निष्क्रिय अनुभव का 'आनंद'

नए शोध के अनुसार, अरबों लोग सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, लेकिन वे कम पोस्ट कर रहे हैं और अधिक निष्क्रिय अनुभव का आनंद ले रहे हैं।वर्ष 2010 में जो सोशल मीडिया आशाओं-उम्मीदों का प्रतीक बनकर उभर रहा था, वह 2020 आते-आते फेक न्यूज और लोगों के राजनीतिक विचारों को प्रभावित करने जैसे आरोपों का शिकार हो गया। महज दस साल में ही लोग अब सोशल मीडिया पर अपनी राय पोस्ट करने से परहेज करने लगे हैं। पोस्ट करने से आशय टेक्स्ट, इमेज फॉर्म में अपने आपको अभिव्यक्त करने से है। लोग लॉग इन तो करते हैं, पर बहुत कम लोग ही पोस्ट कर रहे हैं। लोग प्रतिदिन लगभग दो घंटे इंस्टाग्राम, फेसबुक या एक्स जैसे सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए समय बिताते हैं, लेकिन उनकी आखिरी पोस्ट एक साल पहले की होती है। कभी-कभी लोग स्टोरी जरूर शेयर करते हैं, लेकिन वह चौबीस घंटे बाद गायब हो जाती है। किसी तरह के विवाद से बचने के लिए लोग अब यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि इस बात पर झगड़ने की जरूरत नहीं है कि किसने किसे वोट दिया या कोई क्या सोचता है। अब वे आमने-सामने या समूह चैट को प्राथमिकता देते हैं, जिसे 'निजी नेटवर्किंग' कहा जा रहा है। उपयोगकर्ताओं के सर्वेक्षण और डाटा-एनालिटिक्स फर्मों के शोध के अनुसार, अरबों लोग सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, पर वे कम पोस्ट कर रहे हैं और ज्यादातर निष्क्रिय अनुभव का आनंद ले रहे हैं। वे अब भी लोगों की सोशल मीडिया फीड देखने या रील देखने में समय बिता रहे हैं, लेकिन वे अब अपनी राय रखने में उतने सक्रिय नहीं रहे हैं। यानी यह टाइम पास करने का जरिया बन चुका है, डाटा-इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट की अक्तूबर रिपोर्ट में, सोशल-मीडिया अकाउंट वाले 61 प्रतिशत वयस्क अमेरिकी उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जो पोस्ट करते हैं, उसके बारे में ज्यादा चयनात्मक हो गए हैं, यानी अब लोग क्या पोस्ट करना है, उसके बारे में सोचने लग गए हैं। भारत भी अपवाद नहीं है। भले ही अपने विशाल सोशल मीडिया यूजर बेस के कारण यहां ऐसा नहीं दिखता, पर अब लोग सोशल मीडिया पर कम पोस्ट शेयर कर रहे हैं। इसके कई कारण हैं। इस शोध के हिसाब से लोग मानने लगे हैं कि वे जो सामग्री देखते हैं, उसे नियंत्रित नहीं कर सकते। वे अपने जीवन को ऑनलाइन साझा करने के प्रति भी अधिक सुरक्षात्मक हो गए हैं और उन्हें अपनी निजता की भी चिंता होने लगी है। सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स की बढ़ती संख्या के कारण भी लोगों का मजा किरकिरा हुआ है। यह सोशल मीडिया कंपनियों के व्यवसाय के लिए खतरा है। उपयोगकर्ताओं के ज्यादा से ज्यादा शेयर करने के कारण ही वे दुनिया की सबसे शक्तिशाली कंपनियों और प्लेटफार्मों में से एक बन गए हैं। मजेदार बात यह है कि इनमें से कोई भी कंपनी कोई उत्पाद नहीं बनाती है, फिर भी ये दुनिया की बड़ी और लाभकारी कंपनियां बन गई हैं। जाहिर है, लोगों के कुछ कहने की आदत के कारण यानी सिर्फ यूजर जेनरेटेड कंटेंट के कारण ये कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। भारत में बेशक अभी अमेरिका जैसी स्थिति नहीं है, पर लोग अपनी निजता की सुरक्षा के लिए सब कुछ सोशल मीडिया पर डालने की मानसिकता से किनारा कर रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण सोशल मीडिया एकाउंट का उपयोग मार्केटिंग और ब्रांडिग के लिए किए जाने के अलावा मीडिया लिट्रेसी का प्रचार-प्रसार भी है। वैसे भी सोशल मीडिया पर आते ही उपभोक्ता डाटा में तब्दील हो जाता है। इस तरह देश में हर सेकंड असंख्य मात्रा में डाटा जेनरेट हो रहा है, जिसका फायदा इंटरनेट के व्यवसाय में लगी कंपनियों को हो रहा है। आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया से भारत में कितने रोजगार पैदा हुए, इसका उल्लेख नहीं मिलता, क्योंकि ये सारी कंपनियां इनसे संबंधित आंकड़े सार्वजनिक नहीं करतीं। साथ ही प्रत्यक्ष रोजगार के काफी कम होने का संकेत इन कंपनियों के कर्मचारियों की कम संख्या से प्रमाणित होता है। अब सोशल मीडिया कंपनियां उपयोगकर्ताओं को ज्यादा व्यक्तिगत अनुभव देने की ओर अग्रसर हैं। वे मैसेजिंग जैसे अधिक निजी उपयोगकर्ता अनुभवों में निवेश कर रही हैं और बातचीत को ज्यादा सुरक्षित बना रही हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में आठ न्यायाधीशों को संदिग्ध पदार्थ युक्त धमकी भरे पत्र मिले

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक समेत आठ न्यायाधीशों को संदिग्ध पदार्थ से युक्त धमकी भरे पत्र मिले हैं। मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। इस घटना ने पाकिस्तानी न्यायपालिका की सुरक्षा के संबंध में चिंता बढ़ा दी है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक समेत आठ न्यायाधीशों को संदिग्ध पदार्थ से युक्त धमकी भरे पत्र मिले हैं। मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। इस घटना ने पाकिस्तानी न्यायपालिका की सुरक्षा के संबंध में चिंता बढ़ा



दी है। न्यायाधीशों को धमकी भरे पत्र मिलने की पुष्टि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश फारूक ने एक सुनवाई के दौरान की। न्यायाधीशों को धमकी भरे पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश फारूक ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस घटना के कारण दिन की सुनवाई में देरी हुई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचारपत्र ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि जब दो न्यायाधीशों के कर्मचारियों ने पत्र खोले तो उन्हें अंदर पाउडर मिला और बाद में उन्हें आंखों में जलन का अनुभव हुआ।उन्होंने तत्काल ही सैनिटाइजर का उपयोग किया और अपने हाथ धोए। पत्र मिलने की जानकारी के बाद इस्लामाबाद पुलिस के विशेषज्ञों की एक टीम तुरंत हाईकोर्ट पहुंची। आगे की जांच के लिए पत्रों को आतंकवाद विरोधी विभाग (सीटीडी) को सौंप दिया गया है।वहीं, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश की इंटेलीजेंस एजेंसी (आईएसआई) द्वारा न्यायिक मामलों में हतक्षेप के आरोपों को संबोधित करने के लिए हामी भर दी। हाईकोर्ट के छह जजों ने पत्र लिखकर इंटेलीजेंस एजेंसी पर यह आरोप लगाया है, जो कि देश के भीतर नागरिक-सैन्य गतिशीलता के लिहाज से एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# देश विकास कार्यों से आगे बढ रहा है - मुख्यमंत्री योगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** जी एल बजाज संस्थान नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ आज ग्रेटर नोएडा पहुंचें, जहां पर वह एक गौतमबुधनगर लोकसभा प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल हुए। शिक्षित अधिवक्ता चिकित्सक प्राफेसर इंजीनियर पत्रकार कवि मतदाताओं को साधने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के साथ ही लोकसभा के पांचों विधायक एमएलसी समेत तमाम दिग्गज नेता भी मौजूद रहे । मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर निशाना सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पहले के सीएम क्यों गौतमबुद्ध नगर आने से कतराते थे, क्योंकि पिछली सरकार में यहां की जनता को लूटा गया, अपने कर्मों पर पर्दा डालने के लिए पिछली सरकार के सीएम ने यहां ना आने का बहाना बनाया.सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार में उद्यमी परेशान था, ब्लैकमेल किया जा रहा था, बेटियां असुरक्षित थी, क़ानून व्यवस्था चौपट थी लेकिन आज कहानी कुछ और है इस लिये इस सुरक्षित माहौल में आज हर कोई आना चाहता है.और उन्होंने कहा कि आज देश विकास कार्यों के साथ आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम सब कार्य कर रहें है और उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं



प्रबुद्ध जनों से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जी को जिताने के लिये एक एक वोट डालने डलवाने की अपील की और कहा उत्तर प्रदेश की 80 सीटो की माला प्रधानमंत्री जी को डाले तो सर्वाधिक वोटो की माला डॉक्टर महेश शर्मा जी की हो उसके लिये लग जायें और अबकी बार 400 पार के साथ मोदी जी सरकार बन रही है सांसद महेश शर्मा का बयान इस दौरान सांसद महेश शर्मा ने कहा आज दुनिया भर में नोएडा और ग्रेटर नोएडा ने अपनी पहचान बनाई है, पिछली सरकार में यहां कंपनियां यूनिट लगाने को तैयार नहीं थी. लेकिन आज दुनिया भर से बड़ी बड़ी कंपनी यहां अपनी इकाई लगाना चाहती हैं, सांसद बोले जब तक मोदी और योगी की जोड़ी रहेगी, गौतम बुद्ध नगर और उत्तर प्रदेश नया कीर्तिमान बनाता रहेगा दरअसल, गौतमबुद्धनगर सीट पर दूसरे चरण में मतदान किया जाएगा. 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर सोमवार यानी सीएम योगी ग्रेटर नोएडा पहुंचे है. इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता एक सप्ताह से जुटे हुए थे. लोकसभा प्रबुद्ध सम्मेलन में 2500 सौ से अधिक प्रबुद्ध जन सम्मेलन में पहुँचें इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री गौतमबुधनगर प्रभारी मंत्री कुँवर बृजेश सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष नोएडा विधायक पंकज सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिसोदिया प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी ज़िलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता विधायक तेजपाल नागर ज़ेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह एम एल सी श्रीचंद शर्मा ,एम एल सी विधायक नरेन्द्र भाटी जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया लोकसभा चुनाव संयोजक प्रणीत भाटी हरीश ठाकुर आशीष वत्स बिजेंद्र नागर देवा भाटी दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित पूर्व विधायक सतवीर नागर पूर्व विधायक खुर्जा बिजेंद्र सिंह राकेश राणा कर्मवीर आर्य दीपक भारद्वाज सेवानंद शर्मा धर्मेन्द्र कोरी मनोज गर्ग योगेश चौधरी पवन नागर सुनील भाटी रवि जिन्दल गणेश जाटव सतेंद्र नागर पवन रावल राज नागर इन्द्र नागर सुनील शर्मा विजय रावल महेश शर्मा जगभूसण गर्ग राहुल पंडित अमित शर्मा गुरुदेव भाटी सचिन शर्मा पंकज रावल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं हजारों प्रबुद्ध जन प्रबुद्ध सम्मेलन में उपस्थित रहे।

# थाना इकोटेक 3 पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।**नोएडा दिनांक 29.03.2024 को सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0-112/2024 धारा 498ए/304बी/323 भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत



अभियुक्तगण द्वारा वादी की बहन से अतिरिक्त दहेज की माँग करना व मांग पूरी न होने पर मृतका करिश्मा को प्रताडित कर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गयी थी । उक्त घटना के सम्बन्ध में वादी मृतका के भाई द्वारा दी गयी तहरीर के आधार थाना इकोटेक 3 पर किया गया है। थाना इकोटेक 3 पुलिस द्वारा दिनांक 31.03.2024 को लोकल इंटेलीजेंस द्वारा प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर घटना कारित करने वाले 2 अभियुक्तों को सीएनजी पम्प से पहले सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया ।

# नोएडा विधानसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के कार्यालय का हुआ उद्घघाटन



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।**नोएडा सेक्टर 49 बरौला हनुमान मंदिर यू टर्न के निकट इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर की उपस्थिति में नोएडा विधानसभा में हवन पूजन के साथ कार्यालय का उद्घघाटन किया गया। इस मौके पर नोएडा महानगर के इंडिया गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉक्टर महेंद्र नगर ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत करके अपना-अपना बूथ जीतने का काम करना है। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि इस बार जनता ने मन बना लिया है इस बार गौतम बुद्ध नगर से भारी मतों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना है।

# नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव का हुआ भव्य स्वागत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** सेक्टर 52 स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन व उत्तर प्रदेश कांग्रेस



सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव पवन शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त रूप से नवनियुक्त महानगर कांग्रेस नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव जी को फूल माला व गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं व बधाई दी नोएडा कांग्रेस अध्यक्ष पद के मुकेश यादव जी को दायित्व के लिए शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त किया नवनियुक्त महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए कार्य करूंगा बधाई देने वालों में मुख्य रूप से नोएडा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, सोशल मीडिया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव पवन शर्मा, गौतम बुद्ध नगर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जावेद खान, सुमित जाटव, परवेज, मुनेश, अरमान, विनोद शाह, अमित व प्रेम, परवीन व अन्य लोग मौजूद रहे।

### इजरायल के हमले में मारे गए एक एनजीओ के कर्मचारी

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने गाजा पर इजरायली हवाई हमले को लेकर नाराजगी जताई है, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को व्हाइट हाउस के अधिकारी जॉन किर्बी ने इस बारे में बात की।बाइडन प्रशासन ने गाजा पर इजरायली हवाई हमले को लेकर नाराजगी जताई है जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को व्हाइट हाउस के अधिकारी जॉन किर्बी ने इस बारे में बात की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जो बिडेन ने प्रभावित संगठन के संस्थापक जोस एंड्रेस से भी बात की है और अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जो बिडेन ने प्रभावित संगठन (वर्ल्ड सेंट्रल किचन) के संस्थापक जोस एंड्रेस से भी बात की है और अपनी संवेदना व्यक्त की। किर्बी ने कहा कि हमें आईडीएफ के हमले के बारे में जानकर बहुत गुस्सा आया, जिसमें कल वर्ल्ड सेंट्रल किचन के कई नागरिक मानवीय कार्यकर्ता मारे गए।

# सपा प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा सपा एवं आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उन्होंने



कहा कि पूरे देश में आईएनडीआईए गठबंधन की लहर चल रही है। भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश एवं प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुँच गया है। दिनों-दिन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। ध्वस्त कानून व्यवस्था, बढ़ता भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की असफलता है। जिसके चलते जनता भाजपा से त्रस्त जनता अब देश में बदलाव चाहती है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि समाजवादी और इंडिया गठबंधन से भाजपा बुरी तरह से घबराई हुई है और आगामी लोकसभा गौतमबुद्धनगर पर समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, पूर्व विधायक बंशी पहाड़िया, वरिष्ठ अधिवक्ता रामसरन नागर मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस के खिलाफ एक्शन नहीं लेगा आयकर विभाग, जुलाई तक टली सुनवाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के समय में कांग्रेस के लिए बड़ी राहत की खबर है। 3567 करोड़ के आयकर नोटिस का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी को फिलहाल आयकर की विभाग की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा दिये गए इस बयान को आदेश में दर्ज करते हुए कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई 24 जुलाई तक के लिए टाल दी। वैसे कांग्रेस पक्ष की दलील से यह हैं उसमें से सिर्फ 20 फीसद ही लिया जाना चाहिए था। सोमवार को मामला न्यायमूर्ति बीवी नागरतन और ऑगस्टीन जार्च मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगी थी। जैसे ही केस सुनवाई पर आया



कार्रवाई से राहत रहेगी। आयकर विभाग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि चुनाव को देखते हुए आयकर विभाग फिलहाल इस मामले में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए आयकर विभाग फिलहाल कांग्रेस से वसूली की कार्रवाई नहीं करेगा।सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा दिये गए इस बयान को आदेश में दर्ज करते हुए कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई 24 जुलाई तक के लिए टाल दी।मेहता ने कोर्ट से कहा कि चुनाव के कारण विभाग 1700 करोड़ के भेजे गए नोटिस पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयकर संकेत जरूर मिल गया है कि वह आयकर विभाग की ओर से भेजे गए 3500 करोड़ के नोटिस से भले ही सहमत न हो लेकिन आयकर उलुंघन के मामले में पेनाल्टी को खारिज नहीं कर रही है। कांग्रेस पार्टी की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट के 2016 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है साथ ही पार्टी ने एक अर्जी भी दाखिल की है जिसमें आयकर विभाग की ओर से डिमांड नोटिस भेजकर विशेषकर मार्च 2024 में, की गई मांगों का मुद्दा उठाया गया है। लेकिन, आगे यह भी कहा कि फिलहाल जो 135 करोड़ रुपये कांग्रेस के खाते से जब्त किए गए आयकर विभाग की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह कुछ कहना चाहते हैं। मेहता ने कोर्ट से कहा कि याचिकाकर्ता एक राजनैतिक दल है, अभी चुनाव चल रहे हैं ऐसे में विभाग 1700 करोड़ के भेजे गए डिमांड नोटिस पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा। कोर्ट इस मामले की सुनवाई जून के दूसरे सप्ताह तक टाल दे। मेहता ने थोड़ा और ब्योरा देते हुए कहा कि आयकर विभाग ने हाई कोर्ट के 2016 के फैसले के आधार पर जिसमें हाई कोर्ट ने आयकर आकलन के मानक तय किये हैं, याचिकाकर्ता (कांग्रेस पार्टी) को 2021 में डिमांड नोटिस भेजा था। उसमें उन्हें 20 फीसद अदा करने का विकल्प दिया गया था लेकिन उन्होंने नहीं दिया और इसके बाद विभाग ने 2024 में 2021 के डिमांड नोटिस पर उसके खाते से 135 करोड़ रुपये वसूल लिए। इसके बाद विभाग ने हाई कोर्ट के आदेश में तय मानक के आधार पर ही अन्य वर्षों का आंकलन करके मार्च 2024 में याचिकाकर्ता को 1700 करोड़ का और डिमांड नोटिस भेजा है। लेकिन अभी चुनाव चल रहे हैं और चुनाव के दौरान वह किसी दल को परेशान नहीं करना चाहता इसलिए जबतक कोर्ट मामले पर अगली सुनवाई होती है तब तक 1700 करोड़ के डिमांड नोटिस पर कोई कार्रवाई की जाएगी। सघवी ने कहा कि अभी और नोटिस भेजा गया है कुल 3500 करोड़ के लगभग का डिमांड नोटिस है। कोर्ट ने सालिसिटर जनरल मेहता का बयान आदेश में दर्ज किया कि फिलहाल 3500 करोड़ के डिमांड नोटिस के संबंध में आयकर विभाग कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा और सुनवाई 24 जुलाई तक के लिए टाल दी। मेहता की ओर से कार्रवाई न करने के बयान की सिंघवी ने सराहना की और कहा वे निशब्द हैं। हालांकि, सिंघवी ने कहा कि इस मामले में उनकी याचिका में हाई कोर्ट के आदेश में तय किये गए पैरामीटर को चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रास रिसीट पर टैक्स नहीं वसूला जा सकता। नियमतः उसमें से खर्च को घटाना होता है। उनका कहना है कि जो 135 करोड़ की वसूली की गई है उसमे भी सिर्फ 20 फीसद ही टैक्स लिया जाना चाहिए था। मेहता ने कहा कि मेरिट पर उन्हें भी बहुत कुछ कहना है लेकिन फिलहाल वह उस पर बहस नहीं कर रहे हैं। सिंघवी ने भी कहा कि मामले की मेरिट पर सुनवाई के दौरान वे अपनी बातें रखेंगे।

### 25 साल में सबसे बड़ा भूकंप, बिजली-इंटरनेट बंद; लाखों घरों में बत्ती गुल

**ताइपे।** ताइवान के लिए आज का दिन एक बार फिर इतिहास में दर्ज हो गया। आज से ठीक 25 साल पहले भी देश में एक तगड़ा भूकंप आया था जिससे देश को बड़े स्तर पर नुकसान हुआ था। आज यानि बुधवार सुबह ताइवान में एक बड़ा भूकंप आया। इस भूकंप कि तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.4 मापी गई है। ताइवान में बुधवार सुबह आए भूकंप से हड़कंप मच गया। यह भूकंप इतना तेज था कि कई इमारतें मलबे में



तब्दील हो गईं। इस तगड़े भूकंप के बाद ताइवान में ट्रेन सेवा निलंबित कर दी गई है। वहीं जापान ने अपने तटों के लिए वॉर्निंग जारी की है। जानिए इस जबरदस्त भूकंप में अबतक कितना कुछ तबाह हुआ है। पढ़िए ताइवान भूकंप से जुड़ी 10 बड़ी बातें...भूकंप से जुड़ी कई विडियो सामने आए हैं जिसमें देखा जा सकता है वहां की इमारतें नीचे की ओर झुक गई है इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस भूकंप का झटका कितना तेज हो सकता है। ध्वस्त इमारतों में लोगों के दबे होने की भी आशंका जताई जा रही है। वहीं, जापान ने अपने तटों के लिए वॉर्निंग जारी की है। जानिए इस जबरदस्त भूकंप में अबतक कितना कुछ तबाह हुआ है।

# समस्त मतदान केन्द्र एवं मतदेय स्थलों का भ्रमण कर ए0एम0एफ0 प्रारूप पर उपलब्ध कराये आख्या सेक्टर मजिस्ट्रेट -प्रियंका निरंजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** 02 अप्रैल 2024- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से जनपद में सम्पनन कराने के



दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन आज सिटी क्लब सभागार में समस्त उप जिला मजिस्ट्रेटो एवं सेक्टर मस्ट्रिेटो के साथ बैठक कर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के मार्ग दर्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण सम्पनन कराने में सेक्टर मजिस्ट्रेट की महत्पूर्ण भूमिका हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक केन्द्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चत करे कि मतदान केन्द्र एवं मतदेय स्थलों के नाम व नम्वर एवं वी0एल0ओ0 के नाम मतदेय स्थलों पर अंकित है। उन्होने कहा कि ए0एम0एफ0 से संबंधित प्रारूप है उसके अनुसार बूथ पर मूल भूत सुविधाए है या नही यदि किसी चीज की कमी हो तो निर्धारित प्रारूप पर भरकर आख्या प्रस्तुत करते हुये सुनिश्चित करायें। मतदान टोलियों को ले जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन हेतु मागी का भी निरीक्षण ताकि आवागमन में कोई समस्या न हो यह भी सुनिश्चित कोई ऐसा मतदेय स्थल तो नही है जहाँ रैम्प बनाये जाने की आवश्यकता हो और वहाँ अभी तक रैम्प नहीं बनाया गया है सम्बन्धित अधिकारी रिपोर्ट करते हुये बनवाना सुनिश्चित करें। इस तथ्य को अपने ढंग से पता लगाने का प्रयास करें कि दंबगों या प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा डरा-धमकाकर या किसी प्रकार का लालच देकर मतदाताओं से उनका पहचान पत्र जमा कराने का प्रयास तो नहीं किये गये है। यदि ऐसा कोई प्रकरण पाया जाये तो उसका विशेष उल्लेख अपनी रिपोर्ट में करें। यदि किसी प्रत्याशी द्वारा सम्प्रदायिक तनाव या जातिगत वैमनस्यता फैलाने वाले कोई भाषण अथवा अफवाह फैलाये जाने संबंधी कोई जानकारी प्राप्त हो तो पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए उसका विवरण अपनी रिपोर्ट में दे। अपने जोन या सेक्टर में पड़ने वाले सभी थानों एवं पुलिस चैकियों के टेलीफोन नम्बर अपनी जानकारी हेतु नोट कर रख ले पूरे चुनाव के दौरान कभी भी आपकों इनकी आवश्यकता पड़ सकती है। मतदेय स्थल के क्षेत्र में पूर्व चुनाव में हुई मतदान संबंधी घटनाओं की जानकारी प्राप्त करें। उसका उल्लेख अपनी रिपोर्ट में करें। मतदेय स्थल के क्षेत्र में विद्यमान भूमि संबंधी, जाति एवं किसी संबंधी तथा किसी भी प्रकार की रंजिश आदि के विवादों की जानकारी प्राप्त कर मतदेय की संवेदनशीलता का आकलन अपने विवेक से करें। तथा रिपोर्ट में इसका उल्लेख करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा इस प्रकार के गांव/ मजरे/आबादी क्षेत्र के स्थानीय लोगों से सम्पर्क किया जायेगा। तथा ऐसे लोगों को चिन्हित किया जायेगा। जो लोगों को डराने धमकाने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा पहुंचाने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें। ऐसे व्यक्तियों की सूची रिटर्निंग अधिकारी को उपलब्ध करायी जाय। अपने जोन सेक्टर के ऐसे गांव/मजरे/आबादी क्षेत्र को चिन्हांकित कर मैप में प्रदर्शित कर रिटर्निंग अधिकारी को समीक्षा बैठक में उपलब्ध कराया जायें। ऐसे चिन्हित क्षेत्रों के संबंध में सेक्टर/ जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा भ्रमण रिटर्निंग अधिकारी को दी जाएगी। शान्ति एवं कानून व्यवस्थ संबंधी कोई भी समस्या हो तो संबंधित थाना प्रभारी को अवगत कर सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की लिखित रिपोर्ट समीक्षा बैठक में अपने जोनल मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत करें। जोनल मजिस्ट्रेट अपने जोन से संबंधित समस्त सेक्टरों की संकलित सूचना अपनी सुस्पष्ट आख्या सहित बैठक में रिटर्निंग अधिकारी को उपलब्ध करायेगें। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों के गाड़ियों में वायरलेस सेट लगवाया जायेगा तथा उसकों चलाने प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा ताकि जहां पर नेटवर्किंग सिस्टम कम हो वहां संचार व्यवसथा सुनिश्चित किया जा सकें।

## 'शैतान' ने तोड़ा फाइटर का रिकॉर्ड, 14वें दिन कमाई में छोड़ा पीछे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका की सुपरनेचुरल हॉरर थ्रिलर शैतान की शानदार कमाई का सिलसिला जारी है। इस मूवी ने अपनी लाजवाब कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। यही कारण है जो शैतान बॉक्स ऑफिस पर भी धमाका करती हुई नजर आ रही है। सुपरनेचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान अपने धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर बॉक्स ऑफिर पर कमाल कर के दिखाया है। रिलीज के दो सप्ताह में कमाई के मामले में अजय देवगन और आर माधवन की ये फिल्म हर रोज धमाका कर रहे हैं। ऐसे में 14वें दिन के कलेक्शन में इस मूवी ने फाइटर को पछाड़ दिया है। इस बीच शैतान ने रिलीज के दो सप्ताह पूरे कर लिए हैं। ऐसे में फिल्म के 14वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की डिटेल्स सामने आ गई है। जिसके मुताबिक शैतान ने सुपरस्टार ऋतिक रोशन की इस साल रिलीज फिल्म फाइटर को पीछे छोड़ दिया है। 25 जनवरी 2024 को ऋतिक रोशन, अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। अच्छी शुरूआत के बाद ये एरियल एक्शन थ्रिलर ढ़ीली पढ़ गई और कमाई में गिरावट आने लगे। लेकिन वहीं दूसरी तरफ शैतान अब भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक की फाइटर ने रिलीज के 14वें दिन बॉक्स ऑफिस पर करीब 2.60 करोड़ का बिजनेस किया। इसकी तुलना में अब अजय देवगन की हॉरर थ्रिलर शैतान ने 14वें दिन करीब 2.70 करोड़ का कारोबार कर लिया है। अब इसका नेट कलेक्शन करीब 118 करोड़ हो गया है। जिस तरह से बॉक्स ऑफिस पर शैतान ने कमाई के मामले में गर्दा उड़ाया है, वह काबिल ए तारीफ है। रिलीज के दूसरे सप्ताह में बेशक मूवी के कलेक्शन में गिरावट आई है, लेकिन उसमें निरंतरता बनी रही है।




## जब छोटे शहर से होते हैं स्वातंत्र्य वीर सावरकार के पोस्टर पर खुद को देखकर भावुक हुईं अंकिता लोखंडे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर के पोस्टर पर इन दिनों अंकिता लोखंडे नजर आ रही हैं। टीवी से लेकर पोस्टर तक पहुंचने का सफर उनके लिए काफी लंबा रहा है। वह कहती हैं कि जब आप छोटे शहर से होते हैं और इस बड़ी सी इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर पोस्टर तक पहुंचते हैं, तो बहुत खुशी मिलती है। अंकिता लोखंडे फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में नजर आने वाली हैं। जो 22 मार्च को रिलीज होगी। रणदीप हुड्डा भी इसमें नजर आएंगे। पहली बार अंकिता एक्टर रणदीप हुड्डा के साथ पर्दे पर नजर आने वाली है। फिल्म रिलीज होने से पहले अभिनेत्री के लुक की खूब तारीफ हो रही है। लोग उनके किरदार को पसंद कर रहे हैं। बाकी कलाकारों को शायद आदत होगी, लेकिन मैं तो अपने पोस्टर को देखकर हर बार खुश होती हूं। मेहनत करने के बाद बड़े से पोस्टर या 70 एमएम के पर्दे पर खुद को देखने की खुशी अलग हैं। अंकिता कहती हैं- 'आप कहीं से भी आए हों, अपना रास्ता खुद बनाना पड़ता है। जब इस इंडस्ट्री में आई थी तो सोचा था कि किस तरह खुद को प्रस्तुत करना है। मेरा आत्मविश्वास हमेशा से मजबूत रहा है। जब अभिनय में आई तो मैं ऐसे पात्र निभाना चाहती थीं जो दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकें। भाग्य अच्छा है कि वैसे ही रोल ऑफर भी होते हैं, फिर चाहे मणिकर्णिका द क्वीन ऑफ झांसी फिल्म हो या पवित्र रिश्ता शो। जब इस तरह के रोल निभाती हूं तो सशक्त महसूस करती हूं।' इंडस्ट्री में बाहर से आने वाले कलाकारों को अंकिता सलाह देती हैं कि जब कोई काम करें तो असमंजस में न रहें कि यह भी चाहिए, वो भी चाहिए। यह चकाचौंध वाली दुनिया है, आपको असमंजस में डाल सकती है। जब आप आश्वस्त होते हैं तो अपना रास्ता स्वयं तलाश लेते हैं।हर साल अंकिता और उनके पति विक्की जैन होली पर पार्टी देते है। इस बार उन्होंने कुछ अलग सोचा है। अंकिता कहती हैं कि होली बड़ा त्योहार है। मेरे लिए इसके मायने बहुत हैं पर चूंकि पापा के देहांत को एक साल नहीं हुआ है तो इस बार हम होली पर बड़ी पार्टी नहीं करेंगे।



## बिना स्क्रिप्ट ही जाह्नवी-वरुण ने 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को बोला था 'हां', दिल छू लेगी फिल्म की कहानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** साल 2014 में प्रदर्शित फिल्म हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया में फिल्मकार शशांक खेतान ने पहली बार अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री आलिया भट्ट को निर्देशित किया था। उसके बाद दोनों कलाकारों के साथ दुल्हनिया फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने साल 2017 में फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया बनाई। इस फ्रेंचाइजी की दोनों ही फिल्में टिकट खिड़की पर सफल रही। दिग्गज निर्देशक शशांक खैतान ने पिछले महीने वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के साथ फिल्म की अनाउंसमेंट की थी। हाल ही में उन्होंने बताया कि इस फिल्म के लिए पहली पसंद कौन थी। इसके अलावा उन्होंने दुल्हनिया फ्रेंचाइजी को लेकर भी चुप्पी तोड़ी है। आखिरी बार जाह्नवी और वरुण ने बवाल में काम किया था।बीते दिनों खबरें आई कि वरुण, आलिया और निर्माता करण जौहर के साथ शशांक दुल्हनियां फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म पर भी काम कर रहे हैं। इस बीच फरवरी में शशांक ने करण के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले ही वरुण और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की घोषणा कर दी। हालांकि, यह दुल्हनिया फ्रेंचाइजी की फिल्मों से पूरी तरह अलग होगी।इस फिल्म को लेकर



शशांक बताते हैं, ठइस फिल्म के माध्यम से मुझे फिर से एक बहुत ही प्यारी प्रेम कहानी बताने का मौका मिला है। एक ऐसी दुनिया तैयार करने का मौका, जिससे मैं वाकिफ हूं और उसके लिए मुझे हमेशा दर्शकों का प्यार मिला है। मुझे यकीन है कि इस फिल्म से कलाकारों को भी बहुत प्यार मिलेगा।ठ साल 2022 में ओटीटी पर रिलीज फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' के बाद शशांक 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का निर्देशन करेंगे।फिल्म की शूटिंग योजनाओं को लेकर शशांक बताते हैं, ठहमारी योजना फिल्म को 18 अप्रैल 2025 को रिलीज करने की है। हम मई से इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। फिल्म की पूरी कहानी भारतीय पृष्ठभूमि पर ही आधारित होगी। इसलिए फिल्म की पूरी शूटिंग भारत के ही अलग-अलग शहरों में होगी। फिल्म का शीर्षक फिल्म के बारे में काफी कुछ बताता है। धीरे-धीरे लोगों को इस शीर्षक का रहस्य पता चलता जाएगा।'इस फिल्म की स्क्रिप्ट वरुण और जाह्नवी दोनों को ध्यान में रखते हुए ही तैयार की गई थी। शशांक बताते हैं, ठवरुण और जाह्नवी दोनों से ही मेरा पुराना नाता रहा है। वरुण ने मेरी दो फिल्मों में काम किया है। जाह्नवी ने मेरे साथ फिल्म धड़क की है। जब मैं यह कहानी लिख रहा था तो मुझे लगा कि यह फिल्म दोनों को एक साथ लाने का बहुत अच्छा मौका है। दोनों ही स्क्रिप्ट पूरी होने से पहले ही यह फिल्म करने के लिए मान गए थे।दरअसल, स्क्रिप्ट के लेखन चरण से ही दोनों ने इस फिल्म में खूब दिलचस्पी दिखाई।' वरुण और जाह्नवी की जोड़ी इससे पहले नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म बवाल में नजर आ चुकी है।निर्माता करण जौहर के साथ शशांक दुल्हनिया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म की कहानी पर भी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने संकेत दिया कि इस फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म भी वरुण और आलिया के साथ ही बनेगी। शशांक कहते हैं, ठहमारी हमेशा कोशिश रहती है कि हम इस सीरीज की अगली फिल्म बनाए। हालांकि, हम सिर्फ फ्रेंचाइजी के नाम पर जबरदस्ती कुछ भी नहीं बनाना चाहते हैं। जैसे ही हमें इस फ्रेंचाइजी के लिए कोई अच्छी कहानी मिलेगी, हम सभी को इस सीरीज को आगे बढ़ाने में बहुत खुशी होगी।

## मंडे टेस्ट में 'आडु जीवितम' ने 'क्रू' की उड़ाई धज्जियां, बॉक्स ऑफिस पर चलाया जादू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर 'आडु जीवितम द गोट लाइफ' साल 2024 की सक्सेसफुल फिल्मों की लिस्ट में शुमार हो गई है। फिल्म ने 28 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी और पांच दिन के अंदर शानदार कारोबार कर लिया है। मलयालम फिल्म द गोट लाइफ की कहानी एक ऐसे भारतीय मजदूर की है जो दूसरे देश जाकर मजबूरन गुलाम बन जाता है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वीकेंड पर फिल्म ने ताबड़तोड़ कमाई की। जानिए मंडे टेस्ट में क्या हाल रहा। ब्लेसी के निर्देशन में बनी द गोट लाइफ (ऊप उर्दू थ्री) को लेकर रिलीज से पहले ही बज बना हुआ था। फिल्म के आने के बाद क्रिटिक्स और ऑडियंस ने न केवल कहानी को पसंद किया, बल्कि पृथ्वीराज की परफॉर्मेंस भी छा गई। वीकेंड तक फिल्म ने अच्छा-खासा बिजनेस किया, लेकिन मंडे टेस्ट में फिल्म का क्या हाल हुआ, चलिए जानते हैं एक भारतीय गुलाम की कहानी दिखाती द गोट लाइफ ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 7.6 करोड़ से खाता खोला था। वीकेंड पर भी फिल्म का कारोबार अच्छा रहा, लेकिन मंडे टेस्ट में फिल्म पास हुई या फेल... इसका रिजल्ट भी सामने आ गया है। सैकनिल्क के अर्ली ट्रेड के मुताबिक, द गोट लाइफ ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पांचवें दिन यानी पहले सोमवार को 5.25 करोड़ का कारोबार किया है। वीकडेज में फिल्मों के कारोबार का ग्राफ हमेशा नीचे जाता है। मगर द गोट लाइफ ने अच्छा-खासा बिजनेस कर लिया है। पृथ्वीराज की फिल्म से कम कमाई तो क्रू (णै) ने किया है, जो पिछले तीन दिन से बॉक्स ऑफिस पर जादू चला रही थी। क्रू का सोमवार को कारोबार 4.50 करोड़ रहा। खैर, ये शुरुआती आंकड़े हैं। सही आंकड़े इससे ज्यादा या कम भी हो सकते हैं। एक भारतीय मजदूर जो काम करने के लिए सऊदी अरब जाता है, ताकि वह अपने परिवार को पैसे भेज सके, लेकिन वह खुद को रेगिस्तान के बीच में बकरियां चराते हुए एक गुलाम की तरह जीवन व्यतीत करता हुआ पाता है। पृथ्वीराज सुकुमारन नजीब मुहम्मद के किरदार में एकदम उतर जाते हैं। फिल्म की कहानी बेन्यामिन द्वारा लिखित गोट डेज से ली गई है। फिल्म में पृथ्वीराज के अलावा अहम भूमिका में अमाला पॉल, जिम्मी जीन, अपर्णा और संतोष जैसे कलाकार अहम भूमिका में हैं।





## रणबीर कपूर के घर में सलमान खान मेहमानों को पिला रहे थे शराब, फिर हुआ कुछ ऐसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरुआत हो गई है। ओटीटी पर दस्तक देने वाले इस शो के पहले मेहमान रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर रहे। पहले एपिसोड में ढेर सारी मस्ती और धमाल देखने को मिला। इतना ही नहीं, शो में तीनों ने काफी कुछ मजेदार बातों का भी खुलासा किया, जिसे सुन किसी की भी हंसी छूट जाए। रणबीर कपूर ने इस एपिसोड में डैडी ऋषि कपूर से जुड़ी कई बातों का खुलासा किया। 'एनिमल' एक्टर ने बताया कि कैसे ऋषि कपूर ने एक बार उनकी पिटाई लगा दी थी। वहीं, नीतू ने खुलासा किया कि रणबीर के पेट में कोई बात पचती नहीं है। कॉमेडी से भरे ढेर सारे खुलासों के बीच रिद्धिमा ने सलमान खान को लेकर एक हैरतगंज बात बताई। रणबीर कपूर ने इस शो में खुलासा किया की रिद्धिमा, सलमान खान की फैन रही हैं। इतनी कि वह उनके पोस्टर अपने कमरे में लगाए रखा करती थीं। इसके बाद कपिल ने रिद्धिमा से पूछा कि उनकी शादी में क्या सलमान खान बारटेंडर बने थे, तो उन्होंने हां कहा। इसके बाद नीतू कपूर ने पूरे इंसीडेंट का खुलासा किया। नीतू कपूर ने बताया, ''सलमान ने कहा था मैं बारटेंडर बनूंगा। मैंने कहा ठीक है। सलमान सभी को शराब सर्व कर रहे थे। उसके बाद एक वेटर आया और उसने हमसे कहा कि शराब खत्म हो रही है। ऋषि जी ने कहा कि मैं तो बहुत सारी लाया था, खत्म कैसे हो सकती है नीतू ने बताया कि इसके बाद पता लगा कि गेस्ट शराब को फेंककर सलमान से उसे अपने गिलास में रीफिल करा रहे थे। हर किसी को ड्रिंक चाहिए थी क्योंकि सलमान सर्व कर रहे थे। उसके बाद ऋषि जी वहां गए और सलमान से कहा- यार तू निकल वहां से।ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा ने बिजनेसमैन भरत साहनी से शादी की है। इनकी शादी 2006 में हुई थी। ऋषि कपूर ने इस शादी से जुड़े हर फंक्शन को काफी ग्रैंड तरीके से आयोजित किया था। करीब चार साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद रिद्धिमा और भरत ने शादी कर ली थी।



## मेगन फॉक्स ने अपनी प्लास्टिक सर्जरी पर की खुलकर बात, बोलीं 'तीन बार करवाई ब्रेस्ट सर्जरी'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अक्सर देखा जाता है कि फिल्मों में खूबसूरत दिखने के लिए सेलेब्स प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेते हैं। आज के समय में अपने शरीर के किसी भी अंग की प्लास्टिक सर्जरी कराना बहुत आसान हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा देश और विदेशी एक्ट्रेसेज शामिल हैं। आए दिन किसी न किसी एक्ट्रेस की सर्जरी की खबर सामने आती है। अमेरिकन एक्ट्रेस मेगन फॉक्स को लेकर अक्सर कहा जाता है कि उन्होंने अपने शरीर के कई अंगों की सर्जरी करवाई हुई है । अब इन सवालों और आरोपों को लेकर एक्ट्रेस ने खुलकर बात की है । मेगन फॉक्स ने कॉल हर डैडी पॉडकास्ट में अपनी कुछ प्लास्टिक सर्जरी की पुष्टि की है । इन दिनों हॉलीवुड एक्ट्रेस मेगन फॉक्स अपनी सर्जरी को लेकर चर्चा में है। मेगन फॉक्स ने खूबसूरत दिखने के लिए अब तक अपने शरीर के कई अंगों की सर्जरी करवाई है। इसपर उन्होंने खुलकर बात की है। मेगन फॉक्स को लेकर अक्सर कहा जाता है कि उन्होंने अपने शरीर के कई अंगों की सर्जरी करवाई हुई है। अब इन सवालों और आरोपों को लेकर एक्ट्रेस ने खुलकर बात की है। मेगन फॉक्स ने 'कॉल हर डैडी' पॉडकास्ट में अपनी कुछ प्लास्टिक सर्जरी की पुष्टि की है बाकी का खंडन भी किया है। उन्होंने कहा कि, ठमैंने कभी भी कोई लिपोसक्शन या बॉडी कॉन्टूरिंग या ऐसा कुछ नहीं करवाया है। मैंने कभी भी अपने चेहरे से फैट को नहीं हटवाया है। मैं कभी भी कोई फैट नहीं हटाऊंगी इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपनी नाक की सर्जरी के बारे में भी खुलकर बात की है। उन्होंने माना की जब वह 20 साल की उम्र में थी तो उन्होंने राइनोप्लास्टी (नाक की सर्जरी) कराई थी। जो उनके चेहरे पर की गई एकमात्र सर्जरी थी। इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपनी ब्रेस्ट सर्जरी को लेकर भी खुलकर बात की। उन्होंने आगे कहा, ठजब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपनी ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मां बनने के बाद और बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग कराने के बाद एक्ट्रेस ने फिर से सर्जरी करवाई थी।



## परम वीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद पर फिल्म लाएंगे '[illegible]' के निर्माता, 35 साल पहले बना था टीवी शो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में भारत-पाक युद्ध से जांबाजी और बलिदान की कई दिलचस्प कहानियां निकली हैं। 1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि पर तमाम फिल्में बनी हैं, मगर 1965 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित कम ही कहानियां पर्दे पर उतरी हैं।भारत-पाक के बीच हुए युद्धों से पराक्रम की कई कहानियां निकली हैं। ऐसी ही एक कहानी है अब्दुल हमीद की जिन्हें 1965 की लड़ाई में असाधारण पराक्रम दिखाने के लिए परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। फिल्म हमीद की बायोपिक बुक मेरे पापा परम वीर पर आधारित होगी। निर्माण की कमान उनके बेटे जैनुल हसन ने सम्भाली है।अब इस जंग की एक ऐसी कहानी पर फिल्म बनने वाली है, जो पराक्रम की अमिट गाथा दिखाती है। यह कहानी है सेना के सवोच्च सम्मान परमवीर चक्र पदक विजेता अब्दुल हमी की, जिन्होंने अपनी बहादुरी से पाकिस्तानी सेना के दांत खट्टे कर दिये थे। इस फिल्म के निर्माताओं में अब्दुल हमीद के बेटे और पूर्व फौजी जैनुल हसन भी शामिल होंगे। फिल्म का निर्माण विक्रम खाखर और लेखक डॉ. रामाचंद्रन श्रीनिवासन कर रहे हैं, जिन्होंने अब्दुल हमीद पर किताब लिखी है। फिल्म के निर्माण के लिए व्यापक रिसर्च की गई है, ताकि वास्तविकता बनी रहे। जैनुल हसन ने फिल्म को लेकर कहा कि वो काफी अर्से से अपने पिता की कहानी को पर्दे पर दिखाना चाहते थे। उनकी बहादुरी और समर्पण आने पीढियों के लिए प्रेरणा से कम नहीं।




## शुरू हुई आरती सिंह की शादी की रस्में सात फेरे लेने से पहले घर में करवाई खास पूजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुरभि चंदना और सोनारिका भदौरिया के बाद अब आरती सिंह अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। 38 साल की एक्ट्रेस जल्द ही अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड दीपक चौहान (र्अ्ज्व् र्णीर्ल्ह) के साथ सात फेरे लेने जा रही हैं। अभिनेत्री की शादी की रस्में भी शुरू हो गई हैं। परिचय देवों के देव महादेव और बिग बॉस 13 जैसे टीवी शोज में नजर आ चुकीं आरती सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। वह लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड के साथ एक ग्रैंड वेडिंग में सात फेरे लेंगी। हाल ही में शादी से पहले एक्ट्रेस ने अपने घर पर एक खास पूजा करवाई जिसकी तस्वीरें सामने आई हैं। मायका से घर-घर में मशहूर हुई आरती सिंह अपनी पर्सनल लाइफ को हमेशा प्राइवेट रखती हैं। शादी की खबरों के बीच आरती ने अपने ब्वॉयफ्रेंड दीपक का भी जिक्र नहीं किया था। पिछले महीने वैलेंटाइन डे पर पहली बार एक्ट्रेस ने अपने लविंग पार्टनर के साथ फोटो शेयर की थी। अब वह उनके साथ सात फेरे लेने की तैयारी में हैं। आरती सिंह की शादी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शादी से पहले गोविंदा की भांजी के घर में एक खास पूजा रखी गई। सोशल मीडिया पर उन्होंने तस्वीरें भी शेयर की हैं। आरती ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर खास पूजा की झलकियां दिखाई हैं। एक तस्वीर के साथ बिग बॉस फेम एक्ट्रेस ने लिखा, ठमेरे घर गुरु जी आए। शुक्राना गुरूजी।ठ आरती का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वह गुरूजी की भक्ति में मगन हैं। बीते दिन आरती सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। फोटोज में एक्ट्रेस बालकनी में खड़े होकर पोज देती नजर आ रही हैं। लाल साड़ी, सोने के गहने और बालों में गजरे लगाए आरती बहुत ही खूबसूरत लग रही थीं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ठलाल इश्क। आरती सिंह की इन फोटोज से कयास लगाए जा रहे थे कि अभिनेत्री ने सगाई कर ली है। फूलों से सजा उनका घर और पोज देते हुए अंगूठी को फ्लॉन्ट करने पर सोशल मीडिया पर उनकी सगाई की चर्चा शुरू हो गई।



## पुष्पा के बाद एक बार फिर साथ आ सकते हैं अल्लू अर्जुन और सामंथा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पिछले साल प्रदर्शित शाह रुख खान अभिनीत फिल्म जवान की सफलता के बाद निर्देशक एटली कुमार ने देशव्यापी लोकप्रियता बटोरी। हालांकि, उसके बाद उन्होंने अभी तक अपनी आगामी फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। पिछले साल प्रदर्शित शाह रुख खान अभिनीत फिल्म जवान की सफलता के बाद निर्देशक एटली कुमार ने देशव्यापी लोकप्रियता बटोरी। हालांकि उसके बाद उन्होंने अभी तक अपनी आगामी फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। उनकी कोशिश है कि जवान से मिली लोकप्रियता और सफलता के सिलसिले को आगे भी बढ़ाया जाए। इस क्रम में उनकी आगामी फिल्म को लेकर कई कयास सामने आए। उनकी कोशिश है कि जवान से मिली लोकप्रियता और सफलता के सिलसिले को आगे भी बढ़ाया जाए। इस क्रम में उनकी आगामी फिल्म को लेकर कई कयास सामने आए। जिनमें कभी शाह रुख, कभी सलमान खान तो कभी रणबीर कपूर के उनकी अगली फिल्म में काम करने का दावा किया गया।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।